26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : सोमवार, 3 नवम्बर, 2025

अंक- 10 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

## पंचायत चुनाव 2026 : पीलीभीत, वाराणसी, बिजनौर और हापुड़ के ब्लॉकों में सर्वाधिक डुप्लीकेट मतदाता

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** पीलीभीत, वाराणसी, बिजनौर और हापुड़ जैसे जिलों में मतदाता सूची में एक ही नाम दो से तीन बार दर्ज होने का मामला सामने आया है। स्थिति का अंदाजा इससे लगा सकते हैं कि पीलीभीत के पूरनपुर ब्लॉक में 97027 मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में दो से तीन बार हैं। ऐसे ही स्थिति वाराणसी के आराजीलाइंस व पिंडरा, गाजीपुर के सैदपुर व सादात, जौनपुर के शाहगंज सोंधी, बिजनौर के नजीबाबाद और हापुड़ के हापुड़ विकास खंडों में मिली है। यह स्थिति त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की मतदाता सूचियों में मिली है। राज्य निर्वाचन आयोग के अधिकारियों का भी मानना है कि इन वोटर लिस्ट को दुरुस्त करने के लिए भी बड़े पैमाने पर अभियान चलाना होगा, जो किसी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से कम नहीं होगा। हालांकि, राज्य निर्वाचन आयोग ने दो महीने पहले ही ब्लॉकवार डुप्लीकेट मतदाताओं को चिह्नित करके सूची जिलों को भेज दी है। छोटे-बड़े ब्लॉकों में मतदाताओं की संख्या एक से दो लाख के बीच होती है। पडरौना, शाहगंज सोंधी, हापुड़, नजीबाबाद और सादात विकास खंडों में 60 हजार से ज्यादा डुप्लीकेट मतदाता चिह्नित किए गए हैं। आयोग ने डुप्लीकेट मतदाताओं की श्रेणी में उन मतदाताओं को रखा है, जिनका नाम, पिता का नाम व लिंग समान हैं। प्रदेश में कुल 826 ब्लॉक (विकास खंड) हैं। इनमें से 108 ब्लॉक ऐसे हैं, जिनमें डुप्लीकेट मतदाताओं की संख्या 40 हजार से अधिक है।

# भारत की बेटियों ने कर ली दुनिया मुट्ठी में




**नवीं मुम्बई (एजेंसी/चिंगारी)।** शेफाली वर्मा (87 रन/ दो विकेट) और दीप्ति शर्मा (58 रन/ पांच विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर भारतीय टीम ने रविवार को फाइलन मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 52 रनों से हराकर एकदिवसीय महिला विश्वकप का खिताब अपने नाम किया। 299 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका को भारतीय गेंदबाजों ने 45.3 ओवर में 246 के स्कोर पर समेटकर 52 रनों से मुकाबला जीत लिया। दक्षिण अफ्रीका के लिए कप्तान लॉरा वुलफार्ट और तेजमिन बिट्स की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 51 रन जोड़े। ब्रिट्स (23) के रनआउट होने पर यह साझेदारी टूटी। इसके बाद भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के आगे दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज नियमित अंतराल पर विकेट गंवाते रहे, हालांकि इस दौरान लॉरा वुलफार्ट एक छोर थामे रन बनाती रही।

सुने लुस (25) और मैरीजान कप्प (चार) और सिनोला जाफ्टा (16) रन बनाकर आउट हुई।

एक समय दक्षिण अफ्रीका ने 148 के स्कोर पर अपने पांच विकेट गंवा दिये थे।

ऐसे सकंट के समय एनरी डर्कसन ने लॉरा वुलफार्ट का साथ बखूबी निभाया और दोनों बल्लेबाजों ने तेजी के साथ रन जोड़े। दोनों बल्लेबाजों के बीच छठे विकेट के लिए 61 रनों की साझेदारी हुई। 40वें ओवर में दीप्ति शर्मा ने एनरी डर्कसन (35) को बोल्ड कर इस साझेदारी का अंत किया। इसी ओवर में लॉरा वुलफार्ट ने अपना शतक पूर किया। इसके बाद कप्तान हरमनप्रीत कौर ने दीप्ति शर्मा को गेंद थमाई और उन्होंने 42वें ओवर की पहली गेंद पर वुलफार्ट का शिकार कर भारत को बड़ी सफलता दिलाई। वुलफार्ट ने 98 गेंदों में 11 चौके और एक छक्का लगाते हुए 101 रनों की पारी खेली। इसी ओवर की चौथी गेंद पर दीप्ति ने क्लोई ट्राइऑन (नौ) को पगबाधा कर भारत को आठवीं सफलता दिलाई। 45वें ओवर की आखिरी गेंद पर श्री चारणी ने ए खाका (एक) को रनआउट कर पवेलियन भेज दिया। 46वें ओवर की तीसरी गेंद पर दीप्ति ने एनडी क्लर्क (18) को आउटकर भारतीय टीम को विश्वकप का नया चैंपियन बना दिया। भारतीय महिला टीम के लिए दीप्ति शर्मा ने 39 रन देकर पांच विकेट लिये। शेफाली वर्मा को दो विकेट मिले। श्री चारणी ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने वर्षा बाधित मुकाबले में टॉस जीतकर भारतीय महिला टीम को पहले बल्लेबाजी का न्यौता दिया। बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने शेफाली वर्मा (87), दीप्ति शर्मा (58) और स्मृति मंधाना 45 रनों की पारी के दम पर निर्धारित 50 ओवरों में सात विकेट पर 298 रनों का स्कोर बनाया।

**सम्बंधित खबर पेज 8-9 पर**

**MILLENNIUM PUBLIC SCHOOL**
NAJIBABAD ROAD, KOTWALI DEHAT DISTT. BIJNOR
**URGENTLY REQUIRED**
PGT (ALL SUBJECTS)
TGT (ALL SUBJECTS)
PRT (ALL SUBJECTS)
*Fluency in English is essential Experienced candidate will be preferred*
Email : mpskotwali@gmail.com Send Resume on the Given Number 8958800042, 8958800019

**आवश्यकता है**
हल्दौर में एक कुशल खाना बनाने वाले व्यक्ति की आवश्यकता है। (घरेलू कार्य के लिये)
सम्पर्क करें- 8191819148

**प्लॉट बिकाऊ**
बैराज रोड मेन रोड पर स्थित 1200 गज प्लॉट व्यंजन वाटिका के पास बिकाऊ है।
सम्पर्क करें- 9927129584, 9528202224

सर्वाधिक लोकप्रिय सांध्य दैनिक चिंगारी की 40वीं वर्षगांठ एवं गंगा स्नान पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
**पटेल प्रिन्टर्स**
चुनाव प्रचार सामग्री मल्टीकलर में उपलब्ध है।
OFFSET, SCREEN AND MULTICOLOR PRINTING
शादी कार्ड की विशाल रेंज उपलब्ध है। मल्टीकलर प्रिंटिंग - पोस्टर, पैम्फलेट, बिलबुक, लेटर पैड, कलैण्डर, डायरी आदि।
निकट बीकानेर मिष्ठान भण्डार, सिविल लाइन, बिजनौर
मो. 9917085217, 9412608876
प्रो. सुशील सचान संकल्प सचान



## राशिफल

विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**मंगलवार, 4 नवम्बर 2025**

मेष- दैनिक कार्यों के प्रति उदासीनता, दूसरों के कटुवचन से तकलीफ, दाम्पत्य जीवन में व्यवधान, घरेलू वातावरण तनावपूर्ण, सुख-सुविधा का अभाव, वाहन से भय।

वृषभ- अभिलाषा की पूर्ण होने की ओर, प्रियजनों से विचार-विमर्श, व्यापारिक क्षेत्र में प्रगति, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, उपहार या सम्मान का लाभ, शुभकृत्य सम्पन्न।

मिथुन- विविध पक्षों में अनुकूलता, शुभ-भावनाओं से आत्मिक शांति, उत्साह में वृद्धि, धनागम का मार्ग प्रशस्त, विशेष प्रयास सार्थक, नौकरी में प्रोन्नति, प्रेम सम्बन्ध मधुर।

कर्क- परिस्थितियां भाग्य के पक्ष में, राजकीय पक्ष से लाभान्वित, अध्यात्म के प्रति आस्था, सहयोगियों से अपेक्षित सहयोग, व्यक्तित्व का विकास, वाहन से खुशी।

सिंह- दिनचर्या अव्यवस्थित, आपसी वैमनस्यता, संकल्प सिद्धि में व्यतिक्रम, नव समस्याएं उत्पन्न, भाग्य में न्यूनता, असमंजस की स्थिति, मित्रों से तनाव, यात्रा निष्फल।

कन्या- पुरुषार्थ से कार्य सिद्धि, शिक्षा एवं प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता, कार्य-व्यवसाय में उन्नति, लाभ का सुयोग, अध्ययन में रुचि, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ।

तुला- स्वास्थ्य सुधार पर, आत्मबल में वृद्धि, किसी के माध्यम से महत्वपूर्ण सफलता, पारिवारिक सौहार्द, यात्रा का प्रसंग, सुसमाचार की प्राप्ति, धर्म के प्रति आस्था।

वृश्चिक- योजना साकार होने की ओर, व्यक्तिगत समस्याएं सुलझने की ओर, नवीन उपलब्धि, व्यापार क्षेत्र में नव परिवर्तन, परोपकार की भावना जागृत, यात्रा सुख।

धनु- कठिनाइयों से मन उदास, पारिवारिक समस्याओं से चिन्तित, आकांक्षित सिद्धि में व्यतिक्रम, इच्छित कार्यों में व्यवधान, आशा अधूरी, एकाग्रता का अभाव।

मकर- व्यावसायिक क्षेत्र में नवपरिवर्तन, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, अध्यावसाय की ओर रुझान, स्थान-परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम, प्रतिष्ठा में वृद्धि।

कुम्भ- इच्छित कार्यों में सफलता, व्यापार में विस्तार की योजना फलीभूत, लाभ का मार्ग प्रशस्त, दूर-समीप की यात्रा, सुसमाचार की प्राप्ति, परिवार में मंगल आयोजन सम्पन्न।

मीन- शुभ भावनाओं से आत्मिक शांति, धार्मिक-क्रियाकलापों में रुचि, स्वविवेक सं लिया गया निर्णय हितकर, उच्चाधिकारियों से सम्पर्क का लाभ, समस्याएं हल।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन भोजूबीर, वाराणसी-221002, मो. : 09335414722

# जो भरा नहीं है भावों से बहती जिसमें रसधार नहीं

## वह हृदय नहीं है पत्थर है जिसमें स्वदेश का प्यार नहीं

## सोशल मीडिया से... हिंदुस्तानी

जिंदगी जब राष्ट्रीयता से ओतप्रोत होती है, तब वह धर्म, जाति, संप्रदाय इन बंधनों को तोड़कर आगे बढ़ जाती है। ऐसे ही एक शख्स की याद आज ताज़ा हो गई, जिसका नाम है इक़बाल हिंदुस्तानी और ठिकाना है नजीबाबाद, उत्तर प्रदेश। इस शख्स का वास्तविक नाम इक़बाल अहमद शेख था, पर हिंदुस्तान की आत्मा को अपनी आत्मा में बसाकर वह व्यक्ति इक़बाल हिंदुस्तानी हो गया और यही नाम सभी रेकार्ड में दर्ज करा लिया। मुझे याद है कि नजीबाबाद की ख़ूबसूरत धरती पर होली व ईद के मौके पर सांप्रदायिक सौहार्द को ध्यान में रखते हुए एक बहुत ही ख़ूबसूरत परंपरा स्व. श्री नरेश अग्रवाल द्वारा शुरू की गई थी, जो लगातार वहां पर निभाई जा रही थी, जिसमें होली के त्यौहार पर होली मिलन का कार्यक्रम मुस्लिम समाज द्वारा और ईद के त्यौहार पर ईद मिलन कार्यक्रम हिंदू समाज द्वारा आयोजित किया जाता था। संजोग से मुझे भी प्रशासक के रूप में वहां कार्य करने का अवसर मिला। अपने कार्यकाल के दौरान ईद मिलन कार्यक्रम का सुन्दर आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करने का मौका मिला। होली मिलन कार्यक्रम की रूपरेखा देखकर मैंने कहा कि इसमें केवल मुशायरा न होकर होली के गीत आदि भी शामिल किए जाने चाहिए, तो आयोजन में शामिल कुछ लोगों द्वारा कहा गया कि मुशायरा के साथ संगीत का कार्यक्रम



करने से मुस्लिम समाज नाराज हो सकता है, क्योंकि मुशायरा में अदब का एक अलग स्थान है.. मैंने देखा कि कुछ आयोजक तो इतना डर गए की कार्यक्रम की शुरुवात में वो मंच पर आने से कतराते रहे। ऐसे में इकबाल हिंदुस्तानी की हिम्मत देखने के काबिल थी, उन्होंने कहा कि मैं एसडीएम साहब के इस प्रस्ताव से बिल्कुल सहमत हूं और इसके लिए उन्होंने बहुत ख़ूबसूरत प्लान किया। होली मिलन में कार्यक्रम का आगाज मुशायरे से किया गया और बीच-बीच में इस बात का अनाउंस करते रहे कि होली मिलन में खुद प्रशाशक साहेब होली गीत प्रस्तुत करेंगे तथा सनव्वर अली खान साहब संगीत पर प्रशासक साहेब कि लिखी ग़ज़ल पेश करेंगे। धीरे-धीरे लोगों के अंदर उत्साह इस कदर बढ़ता गया कि उन्होंने आगे मुशायरा सुनने से पहले होली गीत सुनने की मांग कर दी और वह कार्यक्रम इतना जबरदस्त सफल हुआ, जिसमें हिंदू-मुस्लिम सभी लोग मिलकर ख़ूब झूमे। यहां तक कि मंच पर नोटों की बौछार भी कर दी। श्री नरेश अग्रवाल के उसे रोपे गए पौधे को सदा के लिए हरा-भरा रखने के उद्देश्य से मैंने यह भी प्रस्ताव रखा था कि उक्त कार्यक्रम आगे नगर पालिका परिषद द्वारा कराया जा सकता है, ताकि कार्यक्रम कभी बंद न हो। आज जब पता चला कि अब होली मिलन का वो कार्यक्रम बंद हो चुका है, तो पुरानी याद याद ताजा हो गई।

सांप्रदायिक सौहार्द पर आधारित उस कार्यक्रम को क्यों बंद किया गया, यह तो पता नहीं लेकिन मुझे लगता है कि वर्तमान कमिश्नर आदरणीय श्री आन्जनेय कुमार सिंह से अगर लोग मुलाकात करें और उसके इतिहास से अवगत कराएं तो शायद फिर एक बार होली मिलन और ईद मिलन का कार्यक्रम गुलजार हो सकता है। वर्ष 2011-2012 में होली मिलन कार्यक्रम की निजामत करते हुए मेरे मित्र इकबाल हिंदुस्तानी जी चित्र में देखे जा सकते हैं।

(नजीबाबाद में उपजिलाधिकारी रहे और कवि श्री जेपी गुप्ता की फेसबुक वॉल से)

## दिल्ली में दो दिवसीय 'युवा सोशलिस्ट सम्मेलन' का आयोजन संपन्न

**राकेश जाखेटिया**

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** भारतीय समाजवादी आंदोलन के 90 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 'युवा सोशलिस्ट पहल' के तत्वावधान में देश की राजधानी दिल्ली में आज 'युवा सोशलिस्ट सम्मेलन' का आयोजन संपन्न हुआ। देश के विभिन्न प्रांतों से आए समाजवादियों ने पूरे जोश के साथ अपनी सहभागिता सुनिश्चित की व आगामी दस वर्षों में देश के युवाओं में से भारतीय समाजवादी आंदोलन के नेतृत्व की नई पीढ़ी को तैयार करने का संकल्प लिया गया। गौरतलब है कि 'युवा सोशलिस्ट पहल' के तत्वाधान में आगामी दस वर्षों के लिए भारतीय समाजवादी आंदोलन के सशक्तिकरण और युवा समाजवादी नेतृत्व तैयार करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा व आयोजनों की योजना सोशलिस्ट पार्टी (इंडिया) के भूतपूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के भूतपूर्व संकाय सदस्य डॉ. प्रेम सिंह दिशा निर्देश व मार्गदर्शन में तैयार की गई है। युवा सोशलिस्ट सम्मेलन के दूसरे व अंतिम दिन रोजगार नीति, विकास नीति और संस्कृति नीति पर समाजवादी परिपेक्ष्य संबंधित प्रस्तावों पर विचार-विमर्श कर उन्हें पारित किया गया। रोजगार नीति पर समाजवादी परिपेक्ष्य से संबंधित सत्र की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार व लेखक श्री अरविंद मोहन द्वारा की गई। विकास नीति पर समाजवादी परिपेक्ष्य से संबंधित सत्र की अध्यक्षता दिल्ली विश्वविद्यालय की भूतपूर्व संकाय सदस्य डॉ. अजित झा द्वारा की गई। इन दोनों सत्रों का संचालन डॉ. हिरण्य हिमकर, संकाय सदस्य, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा किया गया। संस्कृति नीति पर समाजवादी परिपेक्ष्य संबंधित सत्र की अध्यक्षता श्री आदित्य कुमार, अधिवक्ता और भारतीय सोशलिस्ट मंच के अध्यक्ष द्वारा की गयी। इस सत्र का संचालन जी न्यूज के पत्रकार व युवा सोशलिस्ट श्री राजेश कुमार द्वारा किया गया। युवा सोशलिस्ट सम्मेलन के समापन सत्र की अध्यक्षता वरिष्ठ ट्रेड यूनियन नेता श्री जयंती भाई पांचाल ने की। समापन सत्र में विभिन्न वक्ताओं द्वारा डॉ. प्रेम सिंह के नेतृत्व व मार्गदर्शन में युवा सोशलिस्ट पहल की पूरी टीम को सफल आयोजन के लिए बधाई व शुभकामनाएं दीं गईं। सम्मेलन में उपस्थित युवाओं से विशेष रूप से अपील की गई कि समाजवादी आंदोलन को आगामी 10 वर्षों में सड़कों पर उतारा जाए और जनता के मूलभूत मुद्दों को प्राथमिकता दी जाए।

### गाजा में शांति की स्थापना और दो-राज्य सिद्धांत के पक्ष में प्रस्ताव पारित किया गया




## दहेज की मांग पूरी न हो पाने पर पत्नी को तलाक़ दी

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** एक महिला ने दहेज की मांग पूरी न होने पर पति व सास, ससुर आदि पर मारपीट कर घर से निकाल देने और पति द्वारा फोन पर तीन तलाक दे दिए जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। थाना रेहड़ क्षेत्र के ग्राम रायपुरी निवासी शब्बीर अहमद की पुत्री अजरूना का विवाह 22 जून 2024 को कोतवाली अफजलगढ़ क्षेत्र के ग्राम हिदायतपुर उर्फ चौहड़वाला निवासी नाजिम पुत्र शमीम के साथ हुआ था। पुलिस को दिये प्रार्थना-पत्र में अजरूना ने आरोप लगाया कि उसके मायके वालों द्वारा लगभग 15 लाख रुपए का दान दहेज दिए जाने के बावजूद उसके पति अथवा ससुराल पक्ष के अन्य लोग कार व 4 लाख रुपए की मांग करने लगे। आरोप है कि इसी बात को लेकर उन्होंने अजरूना के साथ 12 अक्टूबर 2024 को मारपीट कर दी परंतु कुछ सम्भ्रांत व्यक्तियों के बीच मामला सुलझा दिया गया। अजरूना का कहना है कि कुछ दिन बाद 7 नवम्बर 2024 को उसे गर्भवती स्थिति में दहेज की मांग पूरी करने को लेकर फिर घर से निकाल दिया गया और बाद में उसके पति ने फोन पर तीन तलाक दे दी। अफजलगढ़ पुलिस ने जीरो एफआईआर के तहत अजरूना के पति नाजिम, ससुर शमीम, सास खुर्शीदा, जेठ वसीम व पति के भांजे शुऐब के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर केस को सम्बंधित थाना रेहड़ को ट्रांसफर कर दिया। थानाध्यक्ष रेहड़ विजेंद्र सिंह राठी ने बताया कि मामला दर्ज कर जरूरी कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

### पति सहित ससुरालियों के ख़िलाफ़ रिपोर्ट दर्ज

हाथी पहुंचा रहे फसलों को नुकसान, अपने घरों को दौड़े भयभीत किसान ( पेज 12 )



# शादी में कम पड़ा चिकन फ्राई दोनों पक्षों में हुई जमकर मारपिटाई

## पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शादी सम्पन्न कराई

**बिजनौर ( चिंगारी )।** समीपवर्ती ग्राम मझेड़ा में एक शादी समारोह में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब चिकन फ्राई को लेकर दूल्हा व दुल्हन पक्ष में जमकर मार पिटाई हो गई। बारात नगीना क्षेत्र के गांव से आई थी। तीबड़ी स्थित एक मैरिज हॉल में शादी का कार्यक्रम चल रहा था। चिकन फ्राई कम परोसे जाने को लेकर बारातियों ने नाराजगी जाहिर की। बारातियों की शिकायत पर दुल्हन पक्ष ने नाराजगी दूर करने के लिये प्लेटें भरकर चिकन परोसना शुरू कर दिया। इस पर कुछ बाराती भड़क गये और कहा कि तमीज से खाना सर्व करो। इसे लेकर दोनों पक्षों में हाथापाई हो गई। मारपीट में कई लोग घायल हुए, जिन्हें इलाज के लिये अस्पताल भेजा गया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और बड़ी मुश्किल से मामला शांत कराया। लेकिन थोड़ी ही देर बाद फिर से हंगामा हो गया। बारातियों ने दोबारा से चिकन की मांग की, लेकिन तब तक खाना खत्म हो चुका था। इस पर दोनों पक्षों में फिर भिड़ंत हो गई। पुलिस को दोबारा हस्तक्षेप करना पड़ा। अंत में धर्मगुरुओं और पुलिस अधिकारियों की मध्यस्थता से निकाह सम्पन्न हुआ। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



# विधायक सुशांत सिंह से सड़क का निर्माण कराने की मांग की

**रेहड़ ( चिंगारी )।** समीपवर्ती ग्राम दहलावाला निवासी विमल कुमार सिंह, दिवाकर सिंह, भास्कर सिंह एडवोकेट व जितेन्द्र चौहान ने क्षेत्रीय विधायक सुशांत सिंह से उनके रतुपुरा स्थित आवास पर मुलाकात की और उनसे दहलावाला में सिद्ध पुरुष ब्रह्मचारी जी महाराज के थले तक सड़क का निर्माण तथा अन्य विकास कार्य कराने का आग्रह किया। विधायक सुशांत सिंह ने सड़क निर्माण व अन्य कार्य कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का विकास उनकी प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ की विशेष अनुकम्पा से उन्होंने क्षेत्र में अनेक विकास कार्य कराये हैं। विधायक निधि का एक-एक पैसा जनहित के कार्यों में खर्च किया जा रहा है।



DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

# आयकर विभाग की टीम वापस लौटी

## छह दिन तक चली छापामार कार्रवाई

**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर शुगर मिल में आयकर विभाग द्वारा पिछले 6 दिन से लगातार चल रही छापामार कार्यवाही आज सुबह आयकर विभाग की टीम के दिल्ली वापस लौट जाने के बाद समाप्त हो गई। जिससे शुगर मिल प्रशासन ने राहत की सांस ली। शुगर मिल के मेन गेट पर तैनात सीआईएसएफ के जवान भी की के साथ वापस चले गए, जिससे अब मिल के गेट पर शुगर मिल के सुरक्षा गार्ड के ही तैनात हैं।

उल्लेखनीय है कि 29 अक्टूबर को सुबह सवेरे आयकर विभाग की टीम अचानक आ धमकी थी। लगातार छह दिन तक मिल में आयकर विभाग की कार्रवाई जारी रही। हालांकि यह पता नहीं चल सका कि इस दौरान आयकर विभाग की टीम को क्या हाथ लगा। न तो टीम के अधिकारियों ने कोई जानकारी दी और न ही शुगर मिल के अधिकारी कुछ बोलने को तैयार हैं। छापे के दौरान धामपुर शुगर मिल के सभी मुख्य प्रवेश द्वारों पर सीआईएसएफ के गार्ड तैनात करके ताला जड़ दिया गया था तथा शुगर मिल परिसर को आयकर विभाग ने अपने नियंत्रण में ले रखा था।

आयकर विभाग द्वारा यह कार्रवाई ऐसे वक्त की गई, जब शुगर मिल प्रशासन वर्तमान पेराई सत्र शुरू करने की तैयारी कर रहा था। पेराई सत्र के शुभारंभ की तिथि भी निर्धारित हो चुकी थी। छह दिन तक शुगर मिल में कोई काम नहीं हो सका। ऐसे में किसानों में चिंता है कि कहीं पेराई सत्र लेट न हो जाये। इस संबंध में जानकारी के लिये शुगर मिल के किसी भी अधिकारी से सम्पर्क नहीं हो सका, क्योंकि सभी के फोन बंद हैं।



फाइनेंस सुविधा उपलब्ध है !
Hero
★नियम व शर्तें लागू
Good Life Gift Voucher
कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9289922765, 8048243335

भली लगे या बुरी...

## बढ़ती आर्थिक असमानता

गरीब-अमीर के बीच बढ़ती असमानता आज की सर्वप्रमुख समस्या इसलिए भी है, क्योंकि सरकारों का ध्यान पूंजी के केन्द्रीकरण की ओर नहीं जा रहा और वह कुछ हाथों तक लगातार सिमट रही है। भले ही वर्षों से महंगाई समस्या हो, बेरोजगारी और मंदी बेलगाम हो, सरकारों के लिए इनके सम्बन्ध में बोलने या कुछ करने के लिए समय नहीं है, वे प्राय: ऐसे मुद्दों को हवा देती रहती हैं, जो इंसानियत के मुकाबले संकीर्णता को बढ़ावा देती हैं। आर्थिक सवालों को इस तरह दरकिनार किया जा रहा है मानों वे कोई समस्या ही न हो। हाल में आई एक रिपोर्ट के अनुसार कहा जा रहा है कि देश में गरीबी एक दशक पहले की 21 प्रतिशत से घटकर छः प्रतिशत के आस-पास रह गयी है। यह भी बताया जा रहा है कि देश में गरीबी से उबरे लोगों की आमदनी न्यूनतम प्रतिदिन तीन डालर के आसपास है यानि लगभग 250 रुपये प्रतिदिन। अब हिसाब लगाया जाये तो यह समझते देर नहीं लगेगी कि जिन लोगों की कथित तौर पर गरीबी दूर हुई है, उनकी वास्तविक स्थिति आज भी प्रतिमाह 8-10 हजार से अधिक नहीं है। ऐसे में समझा जा सकता है कि उनकी गृहस्थी कैसे चलती होगी, किस स्तर की होगी, मगर आंकड़े हैं कि गरीबी उन्मूलन सम्बन्धी सरकारी उपलब्धियों का ढोल पीटते नहीं थक रहे हैं। कडुवा तथ्य यह है कि आम आदमी को अपनी बात कहने के लिए मंच लगातार कम उपलब्ध हो रहे हैं। जाहिर है कि असाधारण आर्थिक/सामाजिक और राजनीतिक समस्याओं के बीच अभिव्यक्ति पर भी पहरे लगातार बढ़ रहे हैं। 'करेला वह भी नीम चढ़ा' जैसी स्थिति है। दुखद यह भी है कि सरकार चलाने वालों को देश की दो तिहाई आबादी की बदहाली नहीं दिख रही, जो मुफ्त में मिलने वाले राशन तथा अन्य सरकारी योजनाओं पर निर्भर है। साथ ही सरकार को देश की लगभग आधी पूंजी सिर्फ एक प्रतिशत लोगों के हाथों में सिमटता नहीं दिखता। इसके इतर सरकार रोज सुबह-शाम 80 करोड़ लोगों के लिये मुफ्त अनाज की व्यवस्था को अपनी उपलब्धि बताते नहीं थकती। यह कैसी सुदृढ़ अर्थव्यवस्था है, जिसमें 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज की आवश्यकता है।

# बिहार के बजट से चार गुना बड़े तेजस्वी के वायदे



-संजय सक्सेना
लखनऊ

बिहार विधानसभा चुनाव में मतदान की तारीख नजदीक आ रही है। 6 और 11 नवंबर को मतदान होगा और 14 को नतीजे आ जाएंगे। इस बीच तमाम दलों के नेता वोटरों को लुभाने का कोई भी मौका नहीं छोड़ना चाहते हैं। हर दल की तरफ से दावों और वायदों की खैरात बांटने की बड़ी-बड़ी बातें की जा रही हैं, लेकिन इसमें महागठबंधन में शामिल सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने सभी हदें पार कर दी हैं। राजद की बैसाखी के सहारे बिहार में अपनी जड़ें तलाश रही कांग्रेस भी राजद के साथ सुर में सुर मिला रही है। राजद नेता और महागठबंधन के सीएम फेस तेजस्वी यादव के चुनावी वादों की झड़ी ने बिहार में सियासी हलचल मचा दी है। उन्होंने हाल ही में जिन योजनाओं और रियायतों का वादा किया है, उनकी कुल अनुमानित लागत बिहार के मौजूदा वार्षिक बजट से लगभग चार गुना अधिक बताई जा रही है। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या यह वादे आर्थिक व्यवहार्यता के दायरे में आते हैं या फिर यह केवल जनता को लुभाने की एक रणनीति है। विपक्षी दल और कई अर्थशास्त्री अब खुलकर कह रहे हैं कि यह खैरात बांटने की राजनीति बिहार को आर्थिक संकट की ओर ले जा सकती है। तेजस्वी यादव ने अपने हालिया जनसभाओं और घोषणाओं में युवाओं को लाखों नौकरियों, छात्रों को मुफ्त लैपटॉप, किसानों की कर्जमाफी, हर गरीब को भत्ते जैसी कई मनलुभावन योजनाओं की घोषणा की है। उनकी पार्टी की तरफ से यह दावा किया जा रहा है कि यह सब न्याय का रोजगार और विकास का अधिकार के तहत आने वाली योजनाएं हैं, जो सत्ता में आने पर प्राथमिकता पर लागू की जाएंगी। परंतु यही दावे अब राजनीतिक विमर्श का केंद्र बन गए हैं। अर्थशास्त्रियों का कहना है कि बिहार पहले से ही राजस्व संग्रहण में पिछड़ा हुआ राज्य है। राज्य की कुल आय मुख्यत: केंद्र सरकार से मिलने वाले अनुदानों और टैक्स शेयरिंग पर निर्भर करती है। पटना विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त अर्थशास्त्री प्रो. अजय नारायण सिंह का कहना है, तेजस्वी यादव के वादों की कुल लागत करीब चार लाख करोड़ रुपये से ऊपर बैठती है, जबकि बिहार का वार्षिक बजट मुश्किल से 2.60 लाख करोड़ रुपये का है। ऐसे में यदि उन्होंने जो कुछ कहा है, उसे लागू करना हो तो राज्य को या तो भारी-भरकम कर्ज लेना पड़ेगा या फिर विकास कार्यों पर खर्च कटौती करनी होगी। विपक्षी नेताओं का रुख और भी आक्रामक है। भाजपा के वरिष्ठ नेता व केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह का कहना है कि तेजस्वी यादव यह मानकर चल रहे हैं कि बिहार की जनता केवल झूठे वादों पर वोट देगी। जिन योजनाओं की वह बात कर रहे हैं, वे राज्य की आर्थिक क्षमता से बाहर हैं। यह वादे नहीं, दिवास्वप्न हैं। वहीं जदयू प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा, जिस व्यक्ति ने 18 महीनों में एक भी वादा पूरा नहीं किया और अब फिर वही पुराने जुमले दोहरा रहे हैं, उससे जनता अब भ्रमित नहीं होगी। वादे तभी पूरे होते हैं जब नीयत और नीति दोनों साफ हो। तेजस्वी यादव और महागठबंधन की तरफ से भी सफाई दी जा रही है। राजद प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी का कहना है कि तेजस्वी यादव ने युवाओं को रोजगार देने का जो संकल्प लिया है, वह



बिहार की वास्तविक जरूरत है। नीतीश कुमार की सरकार ने जो कुछ नहीं किया, उसे अब पूरा करना तेजस्वी की जिम्मेदारी है। बजट का सवाल बाद में देखा जाएगा, लेकिन राजनीति जनभावना से चलती है, कागजी गणित से नहीं। हालांकि, जानकारों का मानना है कि राजनीतिक घोषणाओं का यह तरीका बिहार में कोई नया नहीं है। हर चुनाव से पहले पार्टियां मुफ्त योजनाओं, नौकरियों और नकद सहायता का वादा करती हैं। लेकिन नये आंकड़ों और राज्य के आर्थिक ढांचे को देखते हुए, बिहार वर्तमान में ऐसी किसी आर्थिक अति का बोझ उठाने में सक्षम नहीं दिखता। बिहार की प्रति व्यक्ति आय अब भी राष्ट्रीय औसत से आधी है, और बेरोजगारी दर देश में शीर्ष पर बनी हुई है। दिलचस्प यह है कि तेजस्वी यादव का यह अभियान युवा वर्ग और गरीब तबके के बीच तेजी से लोकप्रिय होता दिख रहा है। सोशल मीडिया पर उनके वादे वायरल हैं और बड़ी संख्या में युवाओं ने इसे बदलाव का ब्लूप्रिंट कहा है। इस जनसमर्थन को देखकर भाजपा और जदयू दोनों ही सतर्क दिखाई दे रहे हैं। जबकि कांग्रेस और वाम दलों के सहयोग से महागठबंधन ने इस बार जनता को सीधा आर्थिक लाभ देने वाला एजेंडा अपनाया है। बिहार की अर्थव्यवस्था पर नजदीकी नजर रखने वाले पूर्व वित्त अधिकारी राजीव रंजन का कहना है कि राजनीतिक दृष्टि से ऐसे वादे शॉर्ट टर्म में प्रभावी हो सकते हैं, लेकिन आर्थिक दृष्टि से यह फिस्कल डिसिप्लिन को खत्म करने वाला कदम होगा। राज्य यदि मुफ्तखोरी के चक्कर में फंस गया, तो अगले पांच वर्षों में वित्तीय घाटा दोगुना हो सकता है। उन्होंने आगे कहा कि बिहार को दीर्घकालीन रणनीति चाहिए, जैसे उद्योगों में निवेश, शिक्षा और कौशल विकास केवल खैरात पर आधारित चुनावी घोषणाएं नहीं। दूसरी ओर, जनता के एक हिस्से में यह सोच तेजी से पनप रही है कि भाजपा और जदयू के लंबे शासन में अपेक्षित परिवर्तन नहीं आया, इसलिए तेजस्वी को मौका दिया जाना चाहिए। अररिया के एक किसान नेता रामसागर यादव कहते हैं, सरकारें तो पहले भी आईं, पर गरीब को कुछ नहीं मिला। अगर तेजस्वी कुछ वादा कर रहे हैं, तो उसे मौका देना चाहिए। अगर वह झूठे साबित हुए, तो अगली बार जनता जवाब दे देगी। यह प्रतिक्रिया बताती है कि बड़ी जनसंख्या अब भी वादों के गणित से ज्यादा भावनात्मक आशाओं में विश्वास रखती है। कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि तेजस्वी यादव के वादों ने बिहार में न केवल आर्थिक विमर्श को जन्म दिया है, बल्कि यह चुनावी परिदृश्य को भी नई दिशा दे रहे हैं। जहां विरोधी इसे आर्थिक आत्मघात बता रहे हैं, वहीं समर्थक इसे जनता की आवाज कह रहे हैं। अब सवाल यह है कि क्या बिहार की जनता इस बार वादों से परे जाकर यथार्थवादी विकल्प चुनेगी या एक बार फिर वही भावनात्मक राजनीति हावी रहेगी? और यदि तेजस्वी यादव सचमुच सत्ता में आते हैं, तो क्या वह अपने वादों को वास्तविक धरातल पर उतार पाएंगे या यह केवल बिहार की चुनावी सियासत का एक और सपनों का पुल साबित होगा। इसका जवाब 14 नवंबर को मिल जाएगा, जब चुनाव के नतीजे सामने आएंगे।

"राजद प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी का कहना है कि तेजस्वी यादव ने युवाओं को रोजगार देने का जो संकल्प लिया है, वह बिहार की वास्तविक जरूरत है। नीतीश कुमार की सरकार ने जो कुछ नहीं किया, उसे अब पूरा करना तेजस्वी की जिम्मेदारी है।

# गुरता गद्दी दिवस पर ऊमरी में निकली गुरु ग्रंथ साहिब की शोभायात्रा



**खासपुरा ( चिंगारी )।** गुरु ग्रंथ साहिब के गुरता गद्दी दिवस के उपलक्ष्य में गांव ऊमरी बड़ी में श्री गुरु ग्रंथ साहिब की हजूरी में 75वां सालाना दीवान बड़े ही धूमधाम और श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया, जिसमें पंथ के विद्वान हजूरी रागी भाई बलदेव सिंह वडाला अमृतसर साहिब से, भाई हरभजन सिंह हेड ग्रंथी गुरु नानक साहिब दिल्ली, भाई तेजिंदर सिंह फरीदाबाद से, भाई प्रदीप सिंह उमरी कलां निवासी आदि रागी जत्थों द्वारा मधुर गुरवाणी कीर्तन से संगत को निहाल किया। अमृतसर से पहुंचे भाई

## कीर्तन से साध संगत को निहाल किया

बलदेव सिंह वडाला ने शब्द सुनाकर संगत को निहाल किया। स्टेज सेकेट्री मास्टर अजीत सिंह के संचालन में आयोजित कीर्तन समागम के दौरान रागी प्रचारकों के अलावा मास्टर जोगेंद्र सिंह, हरभजन सिंह अमन, संसार सिंह, भूपेंद्र सिंह नीटू, विशाल सिंह, गुरमीत सिंह शंकरा, हरमंदर सिंह, अमरीक सिंह बंटी, जितेंद्र सिंह और आस पास की गुरु सिंघ सभाओं से आए पदाधिकारियों, समागम में सराहनीय सेवा करने वाले गुरुघर के सेवकों को सरोपा देकर सम्मानित किया गया। अरदास उपरांत गांव में पंज प्यारों की अगुवाई में प्रथक सुन्दर झांकियों के साथ श्री गुरु ग्रंथ साहिब की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के दौरान



पंथ के अखाड़ा दल के लोग हैरतगेंज अखाड़े का प्रदर्शन करते चल रहे थे। कई स्थानों पर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान संगत को गुरु का अटूट लंगर छकाया गया। समारोह के आयोजन में कमेटी के प्रधान जसबीर सिंह भोला, उपप्रधान हरजीत सिंह, जनरल सेकेट्री मा. अजीत सिंह, उपसेकेट्री बिरेंद्र सिंह, खजांची हरविंदर सिंह बिल्लू, ऑडिटर रामअवतार सिंह, प्रदीप सिंह, चरणजीत सिंह छन्नू, सचिन सिंह, सतपाल सिंह, गुरु दीप सिंह सोढ़ी, धनबाग सिंह, हरपाल सिंह, लवली सिंह आदि सिख संगत का योगदान रहा।

# खाटू श्याम के भजनों पर झूम उठे श्रोता

## देर रात तक लगाया भक्ति सागर में गोता

**बिजनौर ( चिंगारी )।** बैराज रोड स्थित शक्तिनगर साईं विहार कॉलोनी में सनातन मंदिर के प्रांगण में खाटूश्याम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य कीर्तन का आयोजन किया गया। जानी-मानी भजन गायिका आकांक्षा मित्तल एवं उनकी टीम ने बाबा श्याम के भजनों पर भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कीर्तन से पूर्व बाबा श्याम की ज्योति प्रज्वलित कर पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद कीर्तन का आयोजन किया गया। मुजफ्फरनगर से पधारे सिंगर अलोक कुमार ने- हे गणपत दीन दयाला से भजनों की शुरुआत की। कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर लोगों को भाव विभोर कर दिया। इस दौरान श्याम भक्तों की मंदिर प्रांगण में भारी भीड़ रही और देर रात तक





भजनों के सागर में भक्त गोता लगाते रहे। रात्रि 12 बजे आरती के बाद भक्तों के बीच प्रसाद वितरण हुआ। सनातन मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया की मंदिर में 4 मई 2024 को बाबा खाटू श्याम की प्राण प्रतिष्ठा की गई। उसके बाद से ही हर एकादशी को मंदिर में पूजा-अर्चना एवं भजन कीर्तन का आयोजन लगातार किया जा रहा है। इस दौरान उदय राठी, सुशील जैन, अनीता जैन, राखी राठी, रेनू चौधरी, सुमन, विपिन कुमार, संजय गुर्जर, सोनी, गौरव भारद्वाज, विवेक अहलावत, मुकेश चौधरी, लक्ष्य कर्णवाल, तरुण गुप्ता, नवीन गर्ग आदि भारी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पर मौजूद रहे।

# हाजी दानिश का नहीं, समाजवादी पार्टी का है यह चुनाव- स्वामी ओमवेश

**बिजनौर ( चिंगारी )।** बरेली-मुरादाबाद शिक्षक खंड एमएलसी चुनाव में समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रत्याशी हाजी दानिश के पक्ष में चुनाव प्रचार ने जोर पकड़ लिया है। चांदपुर विधायक स्वामी ओमवेश ने रविवार को हाजी दानिश का जोरदार स्वागत करते हुए कहा कि यह चुनाव किसी व्यक्ति का नहीं बल्कि समाजवादी पार्टी का है।



स्वामी ओमवेश ने कहा कि पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता इस चुनाव को अपनी प्रतिष्ठा का प्रश्न मानते हुए पूरी ताकत झोंक देगा। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा शिक्षकों, कर्मचारियों और आम जनता की आवाज रही है। इसलिए शिक्षक एमएलसी चुनाव में भी सपा की नीतियों और विचारधारा को जनता का समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव भाजपा की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ एक जनमत संग्रह बन चुका है। उन्होंने कहा कि हाजी दानिश एक शिक्षित, जमीनी और संघर्षशील प्रत्याशी हैं, जो शिक्षक समाज की हर समस्या को मजबूती से उठाने का साहस रखते हैं।

वहीं समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष जाकिर हुसैन ने बताया कि पार्टी ने बूथ स्तर तक तैयारी कर ली है। सभी कार्यकर्ताओं को शिक्षकों के नाम मतदाता सूची में शामिल कराने और मतदान के दिन अधिक से अधिक मतदान सुनिश्चित कराने की जिम्मेदारी दी गई है।

# जैन फार्म में मिला युवक का शव

**बिजनौर ( चिंगारी )।** स्थानीय जैन फार्म में रविवार की देर शाम एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान हिमांशु ( 23 वर्ष ) पुत्र करन सिंह निवासी आदमपुर के रूप में हुई है। हिमांशु रविवार की दोपहर करीब एक बजे घर से निकला था। देर शाम तक वह घर नहीं लौटा। इसी बीच जैन फार्म के पास बाग में एक युवक का शव पड़े होने की सूचना पुलिस को मिली। युवक की पहचान हिमांशु के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार मृतक शराब का आदी था। प्रारंभिक जांच में युवक के शरीर पर किसी गहरी चोट के निशान नहीं हैं। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के सही कारण का पता चल सकेगा।

# 251 लोगों ने गुरू दीक्षा ग्रहण की

## तीन दिवसीय सत्संग का आरती व गुरुवाणी के साथ समापन



**शेरकोट ( चिंगारी )।** नगर के मोहल्ला वीरथला स्थित आर्य समाज मंदिर में सेवा आश्रम लोक परलोक सुधार आध्यात्मिक सत्संग के सौजन्य से आयोजित किये गये तीन दिवसीय सत्संग का रविवार को पूजा अर्चना और गुरू जी की आरती व गुरूवाणी के बाद समापन हो गया। इस दौरान 251 स्त्री-पुरुष व बच्चों ने गुरू दीक्षा ग्रहण कर गुरू जी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

महेन्द्र प्रताप सिंह राणा के सौजन्य से आर्य समाज मन्दिर में मानव सेवा आश्रम लोक परलोक सुधार आध्यात्मिक सत्संग के सौजन्य से तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान श्री श्री 1008 श्री गुरू संजय जी महाराज ने अपने मुखारबिन्द से सत्संग स्थल पर उपस्थित अनुयाइयों को अमृत वाणी सुनाकर धन्य कर दिया। संजय गुरू जी ने अच्छे गुरु की विशेषताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने सत्संग में उपस्थित अपने अनुयाइयों से कहा कि आज के समय में कुछ लोग सनातन धर्म के प्रति दुष्प्रचार कर षड्यंत्र करने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे लोगों से सचेत रहें और अपने बच्चों को अच्छे संस्कार व शिक्षा देने के साथ-साथ उनकी गतिविधियों पर ध्यान रखने की अपील की। सत्संग में आये कई मुनियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए और बीमारों के स्वास्थ्य लाभ के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम में मास्टर त्रिलोकचन्द, शिवप्रसाद, सुरेन्द्र सिंह, लवकेश चौहान, अक्षय कुमार, टेकचन्द सिंह, अनन्त चौहान, जयवीर त्यागी, धर्मवीर सिंह राजपूत, चन्द्रमोहन, डॉक्टर सुरेश शर्मा आदि का मुख्य योगदान रहा।

# चोरी की बाइक के साथ, दो शातिर चोर आये हाथ



**धामपुर ( चिंगारी )।** थाना धामपुर पुलिस ने चोरी की बाइक सहित दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का खुलासा करने का दावा किया है। ग्राम सुहागपुर निवासी टीकम सिंह पुत्र झण्डू सिंह ने थाने में तहरीर देकर बताया था कि अज्ञात चोर उसकी सुपर स्पलेण्डर बाइक चोरी कर ले गए हैं। इस पर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। पुलिस ने मामले का खुलासा कर अभियुक्त गौरव पुत्र सुमेर सिंह निवासी ग्राम इनायतपुर थाना बढ़ापुर एवं रोहित कुमार पुत्र रमेश सिंह निवासी ग्राम नारायणवाला थाना रेहड जनपद बिजनौर को चोरी की मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार कर लिया। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि की गई है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह ने बताया कि अभियुक्तों के विरुद्ध विभिन्न थानों में कई आपराधिक मुकदमें पंजीकृत हैं। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे प्रदीप कुमार, अश्वनी, प्रदीप कुमार, अनिल कुमार, रविमान शामिल रहे।

# दो कन्याओं के विवाह में दिया योगदान
## दो संस्थाओं ने भेंट किया शादी का सामान



कार्यक्रम में पण्डित शुभम शर्मा द्वारा कराया गया पूजन हवन।

**धामपुर ( चिंगारी )।** श्री साई सेवा संघ व हंगामा लोक सामाजिक,साहित्य समिति के सयुक्त तत्वावधान में डॉ जितेन्द्र कौशिक, निर्मला कौशिक, राखी कौशिक, उपासना कौशिक द्वारा तुलसी शालिग्राम विवाह में दो कन्याओ 'प्रीति व वैष्णवी को विवाह सामग्री व उपहार भेंट किये गये। कार्यक्रम में संस्था की सदस्य शशिबाला शर्मा,राजेन्द्र शर्मा, सुदेश शर्मा, अनिल अग्रवाल, प्रतिभा अग्रवाल, सुनीता गोस्वामी, पुष्पा सैनी, सृष्टि अग्रवाल, ललिता यादव, तुलसी जोशी, सार्थक रस्तौगी, सुषमा रस्तौगी, रौनक, शम्भू रस्तौगी, रजनी रस्तौगी, डॉ. रश्मि रावल, ऐश्वर्या चौधरी, बीना, शिवानी, संजना, सृष्टि, पायल, गुंजन, परी, सन्ध्या, अनिल कश्यप, रवि चौहान, दिनेश चंद्र अग्रवाल नवीन, मनोरमा, अनिता, रेखा कात्यायन, अंजू मित्तल, सरोज, सरला, मनीष, स्नेहि, निर्मला मालवीय आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पण्डित शुभम शर्मा द्वारा पूजन हवन कराया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अनिल अग्रवाल, प्रतिभा अग्रवाल, शशिबाला शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, सुदेश शर्मा, रेखा मालपानी, डॉ. रश्मि रावल आदि का योगदान रहा।

# करणी सेना ने कार्यक्रम किया आयोजित
## पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित



स्मृति चिन्ह देते हुए श्रीमती शोभा राजपूत।

**धामपुर/जैतरा ( चिंगारी )।** करणी सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष ठाकुर रितिक चौहान के संयोजन एवं श्रीमती शोभा राजपूत (जिला अध्यक्ष, महिला मोर्चा) की अध्यक्षता में कार्तिक पूर्णिमा (गंगा स्नान) के पावन अवसर पर सिंह विहार कॉलोनी जैतरा में आयोजित कार्यक्रम में संगठन की मजबूती एवं महिला सशक्तिकरण पर बल दिया गया। कार्यक्रम में करणी सेना के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को शाल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विचार व्यक्त करते हुए महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष श्रीमती शोभा राजपूत ने कहा कि आज केंद्र और प्रदेश सरकार ने महिला सशक्तिकरण के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं चला रखी हैं जिसका प्रत्येक महिला को लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनना चाहिए। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष प्रदीप चौहान, जिला महामंत्री जयवीर सिंह सिसोदिया, महेंद्र सिंह, निर्देश, मंजू, पूनम, हिमांचल, लता, रीता, चंचल, उर्मिला ठाकुर, सचिन चौहान जिला मीडिया प्रभारी सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# विहिप एवं बजरंग दल ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन



रक्तदान शिविर में रक्तदान करते हुए महिला।

**धामपुर ( चिंगारी )।** हुतात्मा दिवस के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में नेशनल पैथोलॉजी लैब पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन विश्व हिंदू परिषद के प्रांत विशेष संपर्क प्रमुख डॉक्टर एस के राजपूत ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष पंकज वर्मा, नगर अध्यक्ष अजय कुमार पिंटू ,नगर उपाध्यक्ष अमित शर्मा, जिला संयोजक बजरंग दल अनमोल कुमार, डॉक्टर एनपी सिंह, अंकित कुमार, मनोज कुमार आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर विचार व्यक्त करते हुए डॉ. एसके राजपूत ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद हिंदू समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने के साथ सामाजिक क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करती है। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से जहां मनुष्य के स्वास्थ्य को लाभ होता है वहीं जरूरमंद व्यक्ति को समय पर रक्त मिल जाता है।

# नई पहल बाल रोगियों ने ही किया बाल चिकित्सा शिविर का उद्घाटन



बाल रोग चिकित्सा शिविर में उपस्थित डॉ. तृप्ति सिंह।

**धामपुर/जैतरा ( चिंगारी )।** 'गरीबी, अशिक्षा और बीमारी है अभिशाप मिलकर मिटाने का करें प्रयास' के उद्देश्य को लेकर एक तरफ जहां 'बिना थके बिना रुके' दमयंती देवी प्रेरणा संस्थान द्वारा डॉ. आदित्य अग्रवाल के नेतृत्व में प्रति सप्ताह लगने वाले नि:शुल्क चिकित्सा शिविरों की संख्या 185 पहुंच चुकी है, वहीं पर अब दमयंती देवी प्रेरणा संस्थान महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. तृप्ति सिंह एवं उनकी टीम द्वारा प्रति माह बाल रोग चिकित्सा शिविर एवं नि:शुल्क दवाई वितरण लगातार चौथी बार 2 नवंबर को निकटवर्ती ग्राम जैतरा के प्राइमरी स्कूल कालिका मंदिर पर आयोजित किया गया। शिविर का उद्घाटन डॉ. तृप्ति सिंह ने सामूहिक रूप से अपने बाल रोगियों द्वारा कराया।

वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर तृप्ति सिंह एवं उनकी सहयोगी डॉ. अंशिका भारद्वाज द्वारा 180 से अधिक बाल रोगियों को नि:शुल्क कंसल्टेशन उपलब्ध कराया एवं दो दिन की नि:शुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई। दमयंती देवी प्रेरणा संस्थान महिला प्रकोष्ठ की ओर से श्वेता मित्तल, ऋचा अग्रवाल, सरस्वती कौशिक, नवनीत कौर, रेनू भारद्वाज, ऐश्वर्या चौधरी, श्रुति जैन, छवि जैन, दिव्यांगना कौशिक, शिवांश भारद्वाज, आराध्या चौधरी आदि सदस्य उपस्थित रही।

डॉ. तृप्ति सिंह की टीम में गायत्री, महिमा, अंजलि, शिवांगी, विपुल, प्रीति, शारिक, विपुल सैनी एवं संस्थान की ओर से विशाल गौरव चौहान, आदित्य पांडे, मोहित आदि का योगदान सराहनीय रहा।

# सलामत रहे जोड़ी तुम्हारी
## खुशी हमराह सारिब

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर के वरिष्ठ पत्रकार और प्रेस क्लब पंजीकृत के सदस्य मोहल्ला महलसराय निवासी इकबाल अंसारी की भांजी खुशी पुत्री कारी इरफान का निकाह मोहल्ला नई सराय निवासी शमीम एडवोकेट के पुत्र सारिब अंसारी के साथ बड़ी धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। धामपुर-नहटौर मार्ग स्थित एक विवाह मंडप में हुए इस विवाह समारोह में विभिन्न राजनीतिक पार्टियों से जुड़े नेताओं, सामाजिक संस्थाओं से जुड़े पदाधिकारी तथा नगर के गणमान्य नागरिकों ने शादी कार्यक्रम में पहुंचकर जोड़े को आशीर्वाद और बधाई दी। विवाह समारोह में नगीना लोकसभा के सांसद एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद, प्रदेश सरकार के पूर्व राज्य मंत्री ठाकुर मूलचंद चौहान, नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार, जिला पंचायत सदस्य विवेक सेन, नगर के वरिष्ठ पत्रकार सत्यराज, प्रेस क्लब पंजीकृत के अध्यक्ष खुर्शीद अंसारी, वसीम शेख, हाजी अब्दुल कलाम अंसारी, हाजी मुंशी नसीम अंसारी, पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष महमूद हसन कस्सार वरिष्ठ अधिवक्ता सिकंदर नौमान एडवोकेट, सपा नेता नसीम राणा, सलीम अंसारी एडवोकेट, इदरीस अहमद, दंत रोग चिकित्सक डॉक्टर अजहर अंसारी, डॉक्टर शकील अहमद, शहजाद अंसारी एडवोकेट, सिकंदर अफाक रहमानी, डॉक्टर कासिम आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# सपा कार्यकर्ता कर लें नोट, BLA के माध्यम से सुरक्षित रखेंगे हर वोट- ज़ाकिर

**बिजनौर ( चिंगारी )।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर शनिवार को आयोजित मासिक बैठक में पार्टी के जिलाध्यक्ष शेख ज़ाकिर हुसैन ने प्रदेश में शुरू हो चुकी विशेष प्रांगण पुनरीक्षण (SIR) की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक का संचालन जिला महासचिव धनंजय यादव ने किया।

बैठक में सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशों का हवाला देते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि BLA (बूथ लेवल एजेंट) गठन का कार्य तेजी से किया जाए। हर बूथ पर पार्टी की मज़बूत उपस्थिति सुनिश्चित करना हम सबकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव के नेतृत्व में BLA गठन का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। हमें घर-घर जाकर वोटों की निगरानी करनी होगी, ताकि PDA (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) फार्मूले के तहत प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बन सके। उन्होंने कहा BLA के माध्यम से




बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष जाकिर शेख

हम हर वोट को सुरक्षित रखेंगे और चुनावी धांधली को रोकेंगे। यह हमारा सामूहिक संकल्प होना चाहिए।

बैठक को संबोधित करते हुए चांदपुर विधानसभा क्षेत्र से सपा विधायक स्वामी ओमवेश ने कहा कि SIR और BLA संगठन की रीढ़ हैं। इनके माध्यम से हम बूथ स्तर पर जीत सुनिश्चित करेंगे। PDA की मजबूती ही 2027 में समाजवादी सरकार की नींव बनेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वोट निगरानी में कोई ढिलाई न बरतें और हर स्तर पर पार्टी का संदेश जनता तक पहुंचाएं।

बैठक में प्रमुख रूप से राशिद हुसैन, अमित चौहान, डॉ. रमेश तोमर, डॉ. रहमान, दिनेश चौधरी, मदनलाल सैनी, फिरोज आलम, चौधरी दारा सिंह, ठाकुर योगेंद्र सिंह, अयूब अंसारी, शहजाद अंसारी, महमूद कस्सार, प्रभा चौधरी, बी.के. कश्यप, हनि फैसल, नमन प्रधान, एडवोकेट पंकज बिश्नोई, नईम मकरानी, आबिद खान, संसार चौधरी, शिवकुमार यादव, शेख इरशाद अहमद, मोहम्मद फुरकान एडवोकेट, कसिम कुरैशी, अफजल उल हक सहित कई अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# व्यापारी अर्थव्यवस्था की रीढ़- साकेन्द्र

## मुकेश कुमार दहिया बने जिला प्रभारी, नमन उपाध्याय वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष





**बिजनौर ( चिंगारी )।** व्यापारी एकता परिषद की बैठक में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह रहे। मुख्य वक्ता व्यापारी एकता परिषद के प्रदेश अध्यक्ष राहुल वर्मा एवं प्रदेश उपाध्यक्ष शमशाद अंसारी रहे। इस अवसर पर संगठन के कार्यालय का जिला पंचायत अध्यक्ष ने फीता काटकर शुभारंभ किया। बैठक का संचालन जिला महामंत्री प्रशांत चौधरी ने किया व बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मानव शर्मा ने की। मुख्य अतिथि चौधरी साकेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि व्यापारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। प्रदेश अध्यक्ष राहुल वर्मा ने कहा कि व्यापारी एकता परिषद संगठन पूर्णत: अराजनैतिक है। वह किसी पार्टी, जाति, धर्म की राजनीति नहीं करता। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष शमशाद अंसारी ने कहा कि व्यापारी वर्ग के साथ-साथ रिक्शा यूनियन एवं सब्जी एवं फल मंडी भी व्यापारी एकता परिषद के साथ हर समय रहेगी। बैठक में जिला अध्यक्ष मानव शर्मा, जिला महामंत्री प्रशांत चौधरी, जिला मंत्री हितेंद्र खरबंदा, जिला मंत्री राजीव कुमार, नगर मीडिया प्रभारी शिवम शर्मा,धनीराम कश्यप,अनिल कुमार, रोहित कुमार बॉबी, शमशेर अहमद, मनोज कुमार, कमलेश देवी, अमन कुमार, रोबिन कुमार, मुनव्वर सिंह, अशोक कुमार, नमन उपाध्याय, सुरेश त्यागी आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# मंगलमय हो मिलन तुम्हारा...

## डा. अनुज संग डा. नेहा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** शांति विहार कालोनी, रिंग रोड, बिजनौर निवासी श्री ओमवीर सिंह एवं श्रीमती उमा सिंह के सुपुत्र चि. डा. अनुज का शुभ विवाह आदर्शनगर, बिजनौर निवासी श्रीमती सुमन सिंह एवं श्री कल्याण सिंह की सुपुत्री आयु. डा. नेहा के साथ गत रात्रि जेवीएस रिजोर्ट में आयोजित एक भव्य समारोह में धूमधाम के साथ सम्पन्न हुआ। सर्वश्री ब्रजवीर सिंह- सुषमा सिंह, अजय (नीटू)-श्वेता, अनिरुद्ध पवार, शिवांश पवार, साक्षी पवार, श्रद्धा पवार, अनुष्का पवार, सिद्धार्थ-आशु, नवदीप-निधि आदि परिजनों ने अतिथियों का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।

## अपर्णा सिंह विंकित

**बिजनौर ( चिंगारी )।** मोहल्ला जाटान चामुण्डा रोड निवासी एवं गीता इंटर कालेज बिजनौर के प्रबंधक श्री धर्मवीर सिंह एडवोकेट एवं श्रीमती गीता रानी की सुपुत्री आयु. अपर्णा का परिणय संस्कार ग्राम लाहौरी खुर्द, कस्बा चरथावल, जिला मुजफ्फरनगर निवासी श्रीमती मांगी देवी एवं श्री भोपाल सैनी के सुपुत्र चि. विंकित के साथ नगर के एक बैंकट हॉल में आयोजित समारोह में सम्पन्न हुआ। सैनी परिवार के सदस्यों ने अतिथियों का भावपूर्ण स्वागत किया। चिंगारी परिवार नवदम्पतियों के सुखद जीवन की कामना करता है।

# श्रद्धापूर्वक मनायी कुंवर सत्यवीरा जी की पुण्यतिथि



सत्यवीरा कॉलेज में हवन-यज्ञ का आयोजन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिला बिजनौर की पावन धरती पर जन्मे महान शिक्षाविद्, पूर्व राज्यमंत्री तथा कुंवर सत्यवीरा (कुंवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट सहित अन्य 9 शैक्षिक संस्थानों के संस्थापक) की 22वीं पुण्यतिथि श्रद्धाभाव से मनाई गई। इस अवसर पर कुंवर सत्यवीरा कालेज ऑफ इंजीनियरिंग एवं मैनेजमेंट परिसर में स्थित स्व. कुंवर सत्यवीर की प्रतिमा पर वीरा सोसाइटी के सचिव एवम उनके सुपुत्र उदयन वीरा, कुंवरानी रुचि वीरा (सांसद मुरादाबाद) एवम प्रबंध समिति सदस्य स्वाति वीरा महाजन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। इसके उपरांत एक हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। हवन में मुख्य यजमान उदयन वीरा एवं कुंवरानी रुचिवीरा व स्वाति वीरा महाजन रहे। उनके साथ प्रबंध समिति सदस्य प्रवीण गुप्ता, खुशनुद खान, कॉलेज के संस्था निदेशक प्रो.(डा.) अमित कुमार बंसल, प्राचार्य डा. एमएस कौरव, गिरिराज सिंह, राजीव थॉमस, कैप्टन बिशन लाल, संजु शर्मा, वाजिद हुसैन आदि ने यज्ञ में आहुति देते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए, यज्ञ आर्य राधेश्याम चिकारा एवं आर्य ब्रजवीर सिंह ने पूर्ण विधि विधान से सम्पन्न कराया।

## बिजनौर को पहचान दी- रुचि वीरा

**सांसद कुंवरानी रुचि वीरा ने कहा कि उनके पूज्य ससुर स्व. कुंवर सत्यवीर जी 22 वर्ष पूर्व आज ही के दिन सन् 2003 में हमारे बीच से सदा के लिए विदा हो गये थे। सभी लोग जानते हैं कि महान शिक्षाविद् एवं पूर्व राज्यमंत्री श्रद्धेय स्व. कुंवर सत्यवीर ने बिजनौर में 9 शैक्षिक संस्थानों की नींव रखकर बिजनौर को एक पहचान दी है। इस अवसर पर डीन एकडेमिक्स मनोज कुशवाहा एवं डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. लोकेश कुमार अग्रवाल, डा. शुएब अली खान एवम सभी विभागों के विभागाध्यक्ष अंकित राजन अग्रवाल, डा. अजय कुमार, गौरव गुप्ता, डा. शुभम कुमार, विभोर राजवंशी, सुधीर कुमार एवम सुनील भारद्वाज, एनपीएस भण्डारी आदि समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।**

# खेत में गुलदार का शव मिलने से सनसनी

धामपुर ( चिंगारी )। नूरपुर रोड स्थित ग्राम हकीमपुर नारायण में आज सुबह एक खेत में गुलदार का शव मिलने से हड़कम्प मच गया। सूचना मिलने पर धामपुर रेंज कार्यालय से डिप्टी रेंजर हरदेव सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि कुछ लोग खेत पर काम करने गये थे। इस दौरान भीम सिंह के खेत में गुलदार का शव पड़ा मिला। शव को धामपुर रेंज कार्यालय में लाया जायेगा। इसके बाद अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। अभी यह पता नहीं चल सका कि गुलदार की मौत कैसे हुई। उधर, खेत में गुलदार का शव मिलने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

# भारत को पहली बार विश्वकप का ताज

## जीत की ये दीप्ति 'मान' रोशनी दशकों तक हरमन-हर स्मृति में रहेगी

**मुंबई ( एजेंसी/चिंगारी )**। ये जीत, ये सफर और इस सफर की कहानियां आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देंगी। इस महिला विश्वकप की चैम्पियन देश की बेटियां बनी हैं, पर ये सफर किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है। जब हमने इस विश्व कप की शुरुआत की तो शुरुआती जीत से लगा सफर बहुत आसान होने वाला है। फिर मुश्किल मैचों में हम जीतते-जीतते हारे। स्थिति यहां तक पहुंची कि न्यूजीलैंड से हार का मतलब होता हम सेमीफाइनल की दौड़ से भी बाहर हो जाते। करो या मरो के इस मैच में टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना और ओपनर प्रतिका रावल ने शतक लगाकर टीम को जीत दिलाई। सिर्फ जीत नहीं हमें सेमीफाइनल में पहुंचाया।



### स्मृति और प्रतिका के पराक्रम से न्यूजीलैंड पस्त

लीग चरण का ये छठवां मुकाबला था। भारत और न्यूजीलैंड दोनों के लिए हार का मतलब उम्मीदें खत्म वाला मैच। मुकाबले की शुरुआत हुई तो हम टॉस हार गए। न्यूजीलैंड ने गेंदबाजी का फैसला किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरीं भारत की दोनों ओपनर स्मृति मंधाना और प्रतिका रावल ने बेहद शानदार शुरुआत की। दोनों ने 212 रन की साझेदारी की। दोनों ने शतक लगाया। प्रतिका रावल ने 134 गेंद पर 122 रन बनाए। वहीं, उपकप्तान स्मृति मंधाना ने महज 95 गेंदों पर 109 रन की पारी खेली। तीसरे नंबर पर उतरीं जेमिमा रॉड्रिग्स ने 55 गेंद पर 76 रनों की पारी खेली। भारत ने 340 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में बारिश से प्रभावित इस मुकाबले में न्यूजीलैंड टीम 44 ओवर में 271 रन ही बना सकी। टीम इंडिया ने 53 रन से जीत हासिल की, क्योंकि डकवर्थ लुईस नियम के चलते न्यूजीलैंड को 44 ओवर में 325 का लक्ष्य मिला था। इस जीत के साथ हमारा सेमीफाइनल में पहुंचना पक्का हो गया। सेमीफाइनल में पहुंचे तो मैच से पहले ही बुरी खबर आई। बुरी खबर ये की करो या मरो मुकाबले में शतक लगाने वाली प्रतिका चोटिल होकर टूर्नामेंट से ही बाहर हो गईं। सेमीफाइनल में पहुंचने वाली चारों टीमों में भारत चौथे नंबर पर रहा। सेमीफाइनल में उसका मुकाबला सात बार विश्व विजेता और पूरे टूर्नामेंट में अजेय ऑस्ट्रेलिया से था। प्रतिका की जगह टीम में शेफाली वर्मा को शामिल किया गया।

### सेमीफाइनल: जेमिमा के मैजिक ने रच दिया इतिहास

सेमीफाइल मुकाबले में भारत का समाना विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया से था, वो ऑस्ट्रेलिया जो विश्वकप में लगातार 15 मैच जीत चुकी थी। वो ऑस्ट्रेलिया जो सात बार की विश्व चैंपियन है। एक बार फिर हम टॉस हारे। ऑस्ट्रेलिया ने बैटिंग का फैसला किया। जब ओपनर लिचफिल्ड और पैरी बल्लेबाजी कर रहीं थी तो लग रहा था कि ये टीम 400 रन बना सकती है। हालांकि, युवा गेंदबाज अमजोत कौर ने पहले ये साझेदारी तोड़ी, फिर इस टूर्नामेंट की खोज श्री चरणी ने एक के बाद एक-दो विकेट लेकर 400 की ओर बढ़ रही ऑस्ट्रेलियाई टीम पर लगाम लगाई। भारत ने विश्व चैंपियन को 338 पर रोक दिया। जीत के लिए हमें रिकॉर्ड चेज करना था। टूर्नामेंट की सफल ओपनर जोड़ियों में शामिल भारतीय जोड़ी टूट चुकी थी। टीम में शामिल की गईं शेफाली वर्मा स्मृति के साथ ओपनिंग करने आईं। 59 रन तक दोनों ओपनर वापस लौट चुकीं थीं। इसके बाद कप्तान हरमनप्रीत के साथ जेमिमा रॉड्रिग्स ने टीम को संभाला। जेमिमा को इससे पहले प्लेइंग इलेवन से बाहर किया जा चुका था। जेमिमा ने कप्तान के साथ ऐसी पारी खेली जो इतिहास में दर्ज हो गई। हरमनप्रीत ने 89 रन बनाए, वहीं जेमिमा टीम को जीत दिलाकर लौंटी। जेमिमा ने नाबाद 127 रन बनाए और प्लेयर ऑफ द मैच रहीं। 339 का रिकॉर्ड चेज करके भारत फाइनल में पहुंचा।



### फाइनल : छह दिन में बदली शेफाली की जिदंगी

27 अक्तूबर को टीम में शामिल की गईं शेफाली वर्मा सेमीफाइनल में मुकाबले में कुछ खास नहीं कर सकीं। हर प्रशंसक को प्रतिका की कमी खली, लेकिन 21 साल की शेफाली की जिदंगी बदलने वाली थी। वो शेफाली जो एक साल से वनडे टीम से बाहर थीं, वो शेफाली जिन्हें महिला क्रिकेट का सहवाग कहा जाता है। वो शेफाली जिन्होंने सचिन को देखकर क्रिकेट खेलना शुरू किया। उन्हीं शेफाली ने जिंदगी बदलने के लिए वो दिन चुना जिस दिन उनका मैच खुद सचिन देख रहे थे। फाइनल मुकाबले में शेफाली ने पहले बल्ले से कमाल किया, फिर गेंद से भी अपना जादू बिखेरा।




### महिला टीम की सफलता से झूमे प्रशंसक

इसमें कोई दोराय नहीं हैं कि भारत की यह जीत वैसी ही जैसे 1983 में कपिल देव की अगुआई वाली भारतीय पुरुष टीम विश्व कप जीता। उस वक्त भी भावनाओं का ज्वार उमड़ पड़ा था और आज महिला टीम की सफलता पर भी प्रशंसकों में उतनी ही खुशी है। भारतीय महिला टीम के लिए ये सफर आसान नहीं था। एक समय तो ऐसा भी था जब टीम को दावेदार भी नहीं माना जाता था। भारतीय टीम इस दौरान दो मौकों पर फाइनल में भी पहुंची, लेकिन उसे ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के हाथों पराजय झेलनी पड़ी। हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली टीम के पास अपनी धरती पर खिताबी सूखा समाप्त करने का ये अच्छा मौका था और इस टीम को इस अवसर को अच्छी तरह भुनाया।

### एक समय टूर्नामेंट से बाहर होने की कगार पर थी टीम

भारतीय महिला टीम का वनडे या टी 20 विश्व कप में अब तक सफर कैसा रहा, इस पर आने से पहले ये जानना जरूरी है कि इस टीम ने मौजूदा टूर्नामेंट में किस तरह प्रदर्शन किया। दिलचस्प बात ये है कि टीम को ग्रुप चरण में लगातार तीन हार का सामना करना पड़ा था, इसके बावजूद टीम ने सेमीफाइनल की उम्मीद नहीं छोड़ी थी। भारत ने महिला विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआत सहमेजबान श्रीलंका को बारिश से बाधित मुकाबले में 59 रनों से हराकर की। इसके बाद उसने अगले मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 88 रनों से हराया।

### जीत के पल : ऐतिहासिक जीत के बाद जश्न में डूबे भारतीय खिलाड़ी, हरमनप्रीत ने किया डांस; भावुक मंधाना को लगाया गले

भारतीय महिला क्रिकेट टीम के लिए 2 नवंबर, 2025 का दिन इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया है। भारत ने रविवार को नवी मुंबई के डीवाई स्टेडियम में खेले गए महिला विश्व कप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 52 रनों से हराकर पहली बार विश्व विजेता बनने का गौरव हासिल कर लिया है। हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली इस टीम ने वो उपलब्धि हासिल कर ली, जिसका भारतीय महिला टीम को बरसों से इंतजार था। भारतीय महिला क्रिकेट टीम के लिए 2 नवंबर, 2025 का दिन इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया है। भारत ने रविवार को नवी मुंबई के डीवाई स्टेडियम में खेले गए महिला विश्व कप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 52 रनों से हराकर पहली बार विश्व विजेता बनने का गौरव हासिल कर लिया है। हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली इस टीम ने वो उपलब्धि हासिल कर ली, जिसका भारतीय महिला टीम को बरसों से इंतजार था। भारत की महिला टीम इतिहास रच दिया है। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 50 ओवर में सात विकेट पर 298 रन बनाए थे। जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 246 रन पर सिमट गई। दीप्ति शर्मा ने पांच विकेट लेकर मैच पलट दिया। दक्षिण अफ्रीका की कप्तान एल वोल्वार्ट की 101 रन की पारी बेकार गई।

### 'ये सपना सच होने जैसा है'

**दीप्ति का भावुक बयान**

मैच के बाद 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' चुनी गईं दीप्ति ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो अभी तक विश्वास नहीं हो रहा। यह एक सपना जैसा लगता है। आज जिस तरह योगदान दे पाई, उससे बहुत खुशी है। हमारे फैंस को धन्यवाद, जो हर मैच में साथ रहे। उनके बिना यह संभव नहीं था। टीम के रूप में हम बहुत खुश हैं। मुझे हमेशा चुनौतियां पसंद हैं। चाहे बल्ले से या गेंद से। मैं बस स्थिति के अनुसार खेलती हूं और उसका आनंद लेती हूं। फाइनल में दोनों जिम्मेदारियां निभाना मेरे लिए गर्व का पल था। 2017 से अब तक बहुत कुछ बदल चुका है। अगर हमें आगे और ज्यादा मैच खेलने को मिलें, तो यह महिला क्रिकेट के लिए और भी अच्छा होगा। अंत में मैं यह ट्रॉफी अपने माता-पिता को समर्पित करती हूं।

### 'वो ओवरस्टेप नहीं, शुरुआत थी'

2022 की वो नो-बॉल आज एक नये मायने रखती है। वही पल जिसने दीप्ति को और मजबूत बनाया। उन्होंने हार को सबक में बदला, आलोचनाओं को ईंधन में। आज जब वह विश्व कप ट्रॉफी थामे खड़ी थीं, तो वह सिर्फ जीत नहीं थी, वह एक कहानी का मुकम्मल होना था। दीप्ति ने दिखाया कि असली चैंपियन वो नहीं जो कभी हारता नहीं, बल्कि वो है जो हर हार के बाद और चमकदार होकर लौटता है।

# महिला टीम पर हुई पैसों की बारिश

**मुंबई ( एजेंसी/चिंगारी )**। भारत की महिला टीम ने इतिहास रच दिया है। टीम इंडिया ने महिला वनडे विश्व कप 2025 के फाइनल में द. अफ्रीका को 52 रन से हरा दिया। और 52 साल के महिला वनडे विश्व कप के इतिहास में पहली बार खिताब जीता। इस बार मुकाबले का दांव सिर्फ ट्रॉफी तक सीमित नहीं रही, जीत के साथ भारत पर पैसों की बारिश भी हुई है। करीब 25 साल बाद महिला विश्व कप को नया चैंपियन मिला है। भारतीय महिला टीम पहली विश्व चैंपियन बनी है। आईसीसी ने टूर्नामेंट की शुरुआत से पहले घोषणा की थी कि महिला वनडे विश्व कप 2025 की विजेता टीम को अब तक की सबसे बड़ी इनामी राशि मिलेगी और ऐसा ही हुआ है। इस बार की चैंपियन टीम भारतीय टीम को 4.48 मिलियन अमेरिकी डॉलर यानी करीब 39.55 करोड़ रुपये दिये गये। यह इनामी राशि पिछले संस्करण यानी 2022 में हुए महिला वनडे विश्व कप की तुलना में चार गुना ज्यादा है।



### अब तक की सबसे बड़ी इनामी राशि

पिछले महिला वनडे विश्व कप 2022 (न्यूजीलैंड) में विजेता टीम को 1.32 मिलियन डॉलर यानी करीब 11.65 करोड़ रुपये मिले थे, लेकिन 2025 संस्करण में प्राइज मनी का ढांचा पूरी तरह बदल दिया गया है। इस बार कुल इनामी राशि 13.88 मिलियन डॉलर (करीब 122.5 करोड़ रुपये) रही, जो 2022 के वर्ल्ड कप (3.5 मिलियन डॉलर यानी 31 करोड़ रुपये) से लगभग तीन गुना है। दिलचस्प बात यह है कि यह प्राइज मनी पुरुष वर्ल्ड कप 2023 (10 मिलियन डॉलर यानी 88.26 करोड़ रुपये) से भी ज्यादा है। 2023 में हुए पुरुषों के वनडे विश्व कप की विजेता टीम ऑस्ट्रेलिया को 33.31 करोड़ रुपये मिले थे, वहीं उपविजेता भारत को 16.65 करोड़ रुपये मिले थे। भारतीय महिला टीम को ऑस्ट्रेलियाई पुरुष टीम से भी ज्यादा रकम मिले हैं।

### 52 वर्ष बाद समाप्त हुआ खिताबी सूखा

नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में दो नवंबर 2025 को इतिहास रचा गया। बारिश के कारण महिला वनडे विश्व कप 2025 का फाइनल मुकाबला दो घंटे देरी से शुरू हुआ। लगातार इंतजार के बाद आखिरकार जब टॉस हुआ तो दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। ये वही स्टेडियम है जहां भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रिकॉर्ड चेज करते हुए फाइनल में जगह बनाई थी। इन सबके बीच भारतीय महिला टीम ने शानदार जज्बा दिखाते हुए दक्षिण अफ्रीका को हराया और 52 वर्षों का खिताबी सूखा समाप्त कर लिया। भारत को पहले इसी दक्षिण अफ्रीका टीम के खिलाफ तीन विकेट से हार मिली, जिसके खिलाफ उसने रविवार को फाइनल खेला। फिर टीम को ऑस्ट्रेलिया ने तीन विकेट से और इंग्लैंड ने चार रन हराया।









### शेफाली की किस्मत ऐसी पलटी कि सबसे युवा प्लेयर ऑफ द फाइनल बनीं

महिला वनडे विश्व कप 2025 का फाइनल सिर्फ भारत की जीत की कहानी नहीं था, बल्कि यह शेफाली वर्मा की पुनर्जन्म जैसी गाथा थी। छह दिन पहले तक उनका नाम टीम इंडिया की वर्ल्ड कप स्क्वॉड में भी नहीं था, लेकिन किस्मत ने पलटी मारी, प्रतिका रावल के चोटिल होने के बाद उन्हें बुलावा आया और उन्होंने मौके को इतिहास में बदल दिया। 21 साल 279 दिन की उम्र में शेफाली वर्मा विश्व कप फाइनल (पुरुष या महिला) में प्लेयर ऑफ द मैच बनने वाली सबसे युवा क्रिकेटर बनीं। ये वहीं शेफाली हैं जिन्हें कुछ महीने पहले तक वनडे सेटअप से बाहर माना जा रहा था, जिनका नाम चयन की चर्चाओं में तक नहीं था, लेकिन आज वो भारतीय क्रिकेट के स्वर्ण अक्षरों में दर्ज हो गई हैं। शेफाली ने जुलाई 2022 में अपना पिछला वनडे अर्धशतक बनाया था। उसके बाद से 13 पारियों में वो एक भी फिफ्टी नहीं बना पाई थीं, जिनमें नौ बार वो 15 रन से कम और छह बार तो एक अंक में ही आउट हुईं, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी।

### आईसीसी महिला वनडे विश्व कप में भारतीय महिला टीम का सफर

1973- आईसीसी महिला वनडे विश्व कप का पहला संस्करण इंग्लैंड में खेला गया था, लेकिन भारतीय टीम ने इसमें हिस्सा नहीं लिया।

1978- भारत ने इस टूर्नामेंट की मेजबानी की, लेकिन अपने पहले विश्व कप में टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा और सफर ग्रुप चरण में ही थम गया।

1982- न्यूजीलैंड की मेजबानी में हुए उस टूर्नामेंट में भारत ने विश्व कप की अपनी पहली जीत दर्ज की और एडुल्जी के नेतृत्व में दम दिखाने की कोशिश की, लेकिन यहां भी टीम ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ सकी।

1988- महिला विश्व कप का आयोजन ऑस्ट्रेलिया में हुआ, लेकिन भारतीय टीम इसका हिस्सा नहीं थी।

1993- भारत-इंग्लैंड में हुए इस टूर्नामेंट में राउंड रॉबिन स्टेज में चौथे स्थान पर रहा। उस वक्त तक विश्व कप में टीम का यह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था।

1997- भारत ने दूसरी बार इस वैश्विक खेल की मेजबानी की और सेमीफाइनल में जगह बनाने में सफल हुई, जहां उसे ऑस्ट्रेलिया से हार मिली।

2000- भारत ने न्यूजीलैंड में खेले गए इस टूर्नामेंट में एक बार फिर सेमीफाइनल में जगह बनाई, लेकिन वहां उसे न्यूजीलैंड के हाथों हार मिली।

2005- भारत ने दक्षिण अफ्रीका की मेजबानी में हुए टूर्नामेंट में पहली बार खिताबी मुकाबले में जगह बनाई। मिताली की अगुआई वाली टीम को हालांकि, ऑस्ट्रेलिया से हार मिली।

2009- अपने पहले खिताब की तलाश में उतरी भारतीय टीम को तीसरे स्थान के प्लेऑफ में ऑस्ट्रेलिया से हार मिली।

2013- भारत ने तीसरी बार विश्व कप की मेजबानी की, लेकिन इस बार टीम सुपर छह चरण में भी नहीं पहुंच सकी और चार टीमों के ग्रु प ए में सबसे आखिरी स्थान पर रही।

2017- भारत ने दूसरी बार फाइनल में जगह बनाई, लेकिन इस बार भी मिताली राज की अगुआई वाली टीम चैंपियन नहीं बन सकी और उसे लॉर्ड्स में खेले गए फाइनल में इंग्लैंड से हार मिली।

2022- न्यूजीलैंड की मेजबानी में हुए विश्व कप में भारत का प्रदर्शन निराशाजनक रहा था और टीम सेमीफाइनल में भी नहीं पहुंच सकी थी। भारत राउंड रॉबिन प्रारूप में खेले गए टूर्नामेंट में पांचवें स्थान पर रही थी।

2025- खुद की मेजबानी में दक्षिण अफ्रीका को हराकर खत्म किया वर्षों का इंतजार।

### टी20 विश्व कप में भारतीय महिला टीम का सफर

2009- सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड से मिली हार।

2010- सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने हराया।

2012- ग्रुप चरण में सफर समाप्त।

2014- ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ सकी टीम।

2016- ग्रुप चरण की बाधा पार नहीं कर भारतीय टीम।

2018- सेमीफाइनल में पहुंची, लेकिन इंग्लैंड से मिली हार।

2020- पहली बार फाइनल में पहुंची, लेकिन खिताबी मैच में हारकर उपविजेता रही।

2023- सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हारी।

2024- ग्रु प चरण में ही थम गया सफर।

# प्रतियोगिताओं की विजेता छात्राओं को पुरस्कृत किया




**चांदपुर ( चिंगारी )।** रहमानिया गर्ल्स इंटर कॉलेज चांदपुर में लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की की 150वीं जयन्ती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में रंगोली, निबंध व भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कालेज की प्रधानाचार्या श्रीमती नाजिया रईस द्वारा सरदार पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके किया गया। छात्राओं को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्या नाजिया रईस ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल एक दूरदर्शी नेता और राष्ट्रीय एकता के निर्माता थे। उन्होंने 562 रियासतों को तिरंगे में नीचे लाने और अखण्ड भारत को बनाने में जो अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर प्रधानाचार्या श्रीमती नाजिया रईस, अध्यापिका श्रीमती नरगिस नईम, श्रीमती सबीहा निशात व अन्य अध्यापिकाओं के निर्देशन में रंगोली, निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता संपन्न कराई गई। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली छात्राओ जोया खान, इकरा नाज, परीक्षा, संस्कृति तथा कल्पना को प्रधानाचार्या द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# चश्मा शोरूम का हुआ भव्य उद्घाटन


शोरूम का उद्घाटन करते हुए श्री अशोक कटारिया।

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर के जगदीश शरण एंड संस के कालागढ़ मार्ग स्थित आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित चश्मा के शोरूम JAGDISH VISION WORLD का उद्घाटन आज प्रदेश के पूर्व परिवहन राज्य मंत्री अशोक कटारिया ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर डॉक्टर अमित गुप्ता व डॉक्टर अमिष मित्तल ने माल्यार्पण कर अशोक कटारिया का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि अत्याधुनिक मशीनों डिजिटल फोराप्टर, ऑटो रिफ्रैक्टोमीटर डिजिटल केरोटो मीटर द्वारा आंखों की जांच की जाएगी। शोरूम में 100 से अधिक ब्रांड के निगाह व धूप के चश्मे ग्राहकों के लिए उपलब्ध होंगे। इसके अलावा सभी ब्रांड के कांटेक्ट लेंस भी ग्राहकों को उपलब्ध कराए जाएंगे। अमित गुप्ता ने बताया कि ग्राहकों की सुविधा के लिए सभी ब्रांड के चश्मो पर 40 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। उद्घाटन कार्यक्रम में बृजमोहन गुप्ता, राधा गुप्ता, रचना गुप्ता,अंकुर गुप्ता, निधि गुप्ता ,अमिष मित्तल, केशव मित्तल, मान्या मित्तल ,नंदिता मित्तल, डॉ. कमाल अहमद,दिनेश चंद नवीन, भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजू गुप्ता, सुभाष चौहान, अशोक अग्रवाल होंडा, महंत राहुल अग्रवाल, पराग गुप्ता पीयूष अग्रवाल ,डॉक्टर आदित्य अग्रवाल, मुदित बंसल, उदित बंसल, सुनील अग्रवाल सुनील गुप्ता डॉक्टर अंकुर वर्मा अरुण अग्रवाल वालसन सरदारपुर शरण सिंह मोहन सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# जो अपने मन व इंद्रियों को वश में कर ले वही वास्तविक वीर होता है : बाबा फुलसंदे वाले



**नहटौर ( चिंगारी )।** गुरूगद्दी दरबार फुलसंदा आश्रम में आयोजित सत्संग में 'एक तू सच्चा तेरा नाम' सच्चा मंत्र के प्रतिपादक बाबा फुलसंदे वालों ने कहा कि जो मनुष्य अपने मन व इंद्रियों को वश में कर लेता है, वहीं वास्तविक वीर पुरुष होता है। जो मनुष्य कमाने तथा दान करने वाला होता है, वही धर्म आचरण वाला होता है, जो मनुष्य कठिनाइयों में भी स्थिर रहे तथा परमेश्वर में सच्ची श्रद्धा रखे, वह परमेश्वर का मित्र होता है। कहा कि ऐसा व्यक्ति जो ज्ञान व भक्ति से केवल विद्वता प्राप्त कर ले, परन्तु ब्रह्मरूप गुरू के चरणों में भक्ति न हो तो ऐसे व्यक्ति की साधना अपूर्ण होती है। कहा कि हमें अपने जीवन को ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ व संन्यास चार आश्रमों में बांटकर जीना चाहिए। प्रथम पच्चीस वर्ष तक ब्रह्मचर्य का पालन करें। उसके बाद गृहस्थ आश्रम में प्रवेश करें। कहा कि गृहस्थ आश्रम का मतलब केवल अपने परिवार वालों का पालन पोषण करना नहीं है, अपितु गृहस्थ आश्रम तो कामधेनु के समान है, जहां से सभी तृप्त होकर जाते हैं। गृहस्थ आश्रम में नियमित पूजा, पाठ, हवन, यज्ञ आदि करें। निरंतर परोपकार के कार्य करें। साधु-संतों व अतिथियों का सत्कार करें। उसके बाद पचास वर्ष की आयु में वानप्रस्थ आश्रम का पालन करें। अपने घर के किसी कक्ष को ही पूजा-पाठ के अनुकूल बना लें या किसी धार्मिक आश्रम में समय बिताएं। याद रहे कि इस दौरान संतान के कार्यों में हस्तक्षेप न करें। सबसे अंत में संयास आश्रम का पालन करें। सतसंग में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

चिंगारी सभी देश वासियों को
गंगा स्नान व चिंगारी
के 40 वर्ष पूर्ण होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



# मंडावर का एसएस फिटनेस क्लब, यानि युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक की फिटनेस का हब



**मंडावर ( चिंगारी )।** कस्बे के मोहल्ला फराशटोली निकट थाने के पास एसएस फिटनेस क्लब ने अपनी अनूठी पहल और उच्च गुणवत्ता वाली सुविधाओं के साथ युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक के लिए फिटनेस का एक नया मानक स्थापित किया है। इस जिम का संचालन सुहैल सिद्दीकी और उनके भाई शाहवेज सिद्दीकी द्वारा किया जा रहा है, जो न केवल युवाओं बल्कि हर उम्र के लोगों को फिट और स्वस्थ बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। फिटनेस के लिए एक नई सोच के साथ काम कर रहा एसएस फिटनेस क्लब का उद्देश्य लोगों को नेचुरल और संतुलित तरीके से फिट बनाना है। क्लब में आधुनिक उपकरणों के साथ प्रशिक्षित प्रशिक्षक भी उपलब्ध हैं, जो सदस्यों को उनकी फिटनेस लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करते हैं। क्लब के स्वामी बॉडी बिल्डर (कोच) सुहैल सिद्दीकी ने बताया कि उनका उद्देश्य लोगों को स्वस्थ और फिट जीवन जीने के लिए प्रेरित करना है। हर उम्र के लोगों के लिए सुविधाएं के साथ एसएस फिटनेस क्लब में 18 साल से लेकर 55 साल तक के लोग इस वक्त अपनी सेहत व बॉडी में सुधार कर रहे है। क्लब में पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग सुविधाएं उपलब्ध हैं, और प्रशिक्षक व्यक्तिगत ध्यान देने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। समाज में सकारात्मक परिवर्तन के साथ-साथ एसएस फिटनेस क्लब न केवल लोगों को फिट बनाने का काम कर रहा है, बल्कि यह समाज में सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में भी काम कर रहा है। क्लब के सदस्य न केवल अपने स्वास्थ्य को बेहतर बना रहे हैं, बल्कि वे अपने परिवार और समुदाय के लिए भी एक स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

## सुविधाओं के विस्तार की योजना

**एसएस फिटनेस क्लब के स्वामी शाहवेज सिद्दीकी ने बताया कि वे भविष्य में क्लब की सुविधाओं का विस्तार करने और अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए नए कार्यक्रम शुरू करने की योजना बना रहे हैं। उनका उद्देश्य मंडावर और आसपास के क्षेत्रों में फिटनेस और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। एसएस फिटनेस क्लब के लोगों के लिए एक वरदान साबित हो रहा है, जो न केवल फिटनेस के लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करता है, बल्कि एक स्वस्थ और सक्रिय जीवन जीने के लिए प्रेरित भी करता है।**

# झालू में दो कारें आपस में टकराईं, गनीमत रही चोट किसी को नहीं आई



**झालू ( चिंगारी )।** नगर में आज सुबह दो गाड़ियों की भिड़ंत हो गयी, जिसमें दोनों गाड़ियां बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी, गनीमत रही कि कार सवार किसी व्यक्ति को गंभीर चोट नहीं पहुंची। जानकारी के मुताबिक आज सुबह नवनीत कुमार उर्फ बंटी एडवोकेट पुत्र दयाराम निवासी मोहल्ला रामलीला कस्बा झालू अपने बच्चों को बिजनौर सेंट मेरी स्कूल छोड़कर कार से वापस आ रहे थे। जैसे ही वो झालू तिराहे के नजदीक पहुंचे कि सामने से आ रही कार ने अनियंत्रित होकर उनकी कार में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों कारें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयीं। गनीमत रही कि दोनों कारों में सवार किसी भी व्यक्ति को गंभीर चोट नहीं पहुंची। कार में टक्कर मारने वाले युवक किसी शादी समारोह में से आ रहे थे और वहां मौजूद लोगों ने बताया कि युवकों ने शराब भी पी रखी थी। सूचना पर मौके पर झालू चौकी से सिपाही अकरम पहुंचे और उन्होंने दोनों गाड़ियों को झालू चौकी भिजवाया।

# गंगा हमारी राष्ट्रीय धरोहर- साकेंद्र प्रताप

## विदुर कुटी घाट पर हुई विशाल गंगा आरती

**बिजनौर ( चिंगारी )।** विदुर कुटी गंगा घाट पर लगने वाले कार्तिक गंगा स्नान मेले में गंगा समग्र समिति के द्वारा मां गंगा की विशाल आरती का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष बिजनौर चौधरी साकेंद्र प्रताप सिंह, राष्ट्रीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष चौधरी सुनील प्रधान, एसडीम बिजनौर रितु रानी, ब्लॉक प्रमुख विनोद राठी, मेला प्रभारी तेजवीर सिंह, अरविंद कुमार रहे। इस अवसर पर आरती में आए मां गंगा भक्तों को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष चौधरी साकेंद्र प्रताप ने कहा कि मां गंगा हमारी राष्ट्रीय धरोहर है, इसकी स्वच्छता और निर्बलता बनाए रखना हम सबका कर्तव्य है। हम गर्व से कहते हैं हम उस देश




के वासी हैं, जिस देश में गंगा बहती है। इस अवसर पर मेरठ प्रांत के कोष प्रमुख ओमप्रकाश सिंह, बृजपाल सिंह, मास्टर रघुवीर सिंह, चमन सिंह, सोपाल सिंह, सतवीर सिंह, देवेश सिंह, हरवीर सिंह, मूलचंद सिंह, राजवीर सिंह, दिनेश कुमार आदि उपस्थित रहे। आरती प्रमुख छकेंद्र सिंह ने कराई। आरती के बाद प्रसाद का वितरण किया गया



## विद्युत खंभों के उच्च क्षमता की लाइन से टच होने से हादसे का खतरा

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** रेलवे क्रॉसिंग पर बने फ्लाई ओवर ब्रिज के विद्युत खंभों के उच्च्व क्षमता की विद्युत लाइन से टच होने के संबंध में शासन को अवगत कराया गया है। आदर्शनगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजी एक शिकायत में अवगत कराया है कि नजीबाबाद में रायपुर मार्ग स्थित रेलवे क्रॉसिंग संख्या-480 गढ़मलपुर पर पूर्व में उत्तर प्रदेश हेतु निगम द्वारा करोड़ों रुपए की लागत से फ्लाई ओवर ब्रिज का निर्माण कराया गया था तथा उक्त फ्लाई ओवर ब्रिज पर जो विद्युत खंबे लगाए गए थे, वह वर्तमान में खस्ता हालत में पड़े हुए हैं। कई खंबे झुककर फ्लाई ओवर के बराबर से गुजर रही विद्युत लाइन से टच हो रहे हैं, जिस कारण कभी भी कोई भयंकर हादसा हो सकता है, जिससे जनमानस को हानि पहुंच सकती है। आरटीआई कार्यकर्ता ने इस संबंध में शासन से संबंधित विद्युत विभाग को दिशा निर्देश जारी करने की मांग की है ताकि उच्च्व क्षमता की विद्युत लाइन से उक्त विद्युत खंभों को हटाया जा सके।

## महिला टीचर से शिकायत पर कार्रवाई न करने को मांगे 35 हजार

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** एक व्यक्ति ने मोबाइल पर एक सरकारी महिला टीचर को कॉल कर शासन-प्रशासन से की गई उनकी झूठी शिकायत पर कार्रवाई ना कराकर उसे खत्म करने के लिए 35 हजार रुपए की मांग की। जिसके बाद पीड़ित महिला टीचर ने बीएसए को पत्र सौंपकर मामले की जांच कराने की मांग की। नजीबाबाद तहसील क्षेत्र के ग्राम करौली के प्राथमिक विद्यालय में तैनात शिक्षिका तबस्सुम परवीन के मोबाइल पर एक व्यक्ति की कॉल आई जिसमें उक्त व्यक्ति ने खुद को कार्यालय का प्रधान लिपिक आलोक वर्मा बताते हुए महिला टीचर तबस्सुम परवीन को बताया कि उनकी शिकायत सचिव बेसिक शिक्षा उत्तर प्रदेश शासन को की गई है। जिसकी जांच बीएसए द्वारा कराई जानी है। जिसमें उन पर निलंबन व सेवा समाप्ति की कार्रवाई हो सकती है। शिकायत पर कार्रवाई से बचने के लिए महिला टीचर से 35 हजार रूपए की मांग की गई। महिला टीचर द्वारा पूरे मामले की जानकारी पूर्व एआरपी तथा अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय मीडिया प्रभारी मोबिन हसन को दी गई। आरोपी से बात करने के दौरान की गई कॉल रिकॉर्ड उनके पास मौजूद है। महिला टीचर तबस्सुम परवीन द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को पत्र देकर जांच कराकर कार्रवाई की मांग की गई है।

## मंदिर से निकली कलश यात्रा



**बिजनौर ( चिंगारी )।** स्थानीय मोहल्ला दक्षनगर में कल शिव मंदिर से एक भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें अनेक मोहल्लेवासी, उनमें अनेक पुरुष और महिलाएं शामिल रहीं। इस दौरान मोहल्लेवालों का कलश यात्रा के प्रति उत्साह देखते ही बन रहा था। स्थानीय शिव मंदिर से शुरू हुई कलश यात्रा मोहल्ला दक्ष नगर में होते हुए विभिन्न मार्गो से गुजरते हुए मंदिर पर आकर ही संपन्न हुई। इस कलश यात्रा में मनोज कुमार, योगेश शर्मा, मास्टर मनोज शर्मा, संजय शर्मा, ओमदत्त शर्मा, विजेंद्र सिंह, राजपाल सिंह, शालिनी शर्मा, मीनाक्षी, रेखा देवी, सुनीता, सावित्री देवी, रचना शर्मा सहित अनेक मोहल्लेवासी शामिल रहे।

## जब चिंगारी आती है

शाम उतरती है, ख़ामोशी गहराती है,
फिर किसी कोने से उजियारी आती है,
हर दिल में इक सरगम सी बज जाती
लोग हर्ष से भर जाते हैं, जब 'चिंगारी' आती है!
जो सिर्फ ख़बर नहीं लाती,
वो उम्मीद भी जलाती है।
जो झूठ के अंधेरे में,
सच का दीया बन जाती है।
कभी किसी मज़दूर की पीड़ा में,
कभी किसान की सांसों में,
कभी मां की आंखों के आंसू में,
वो शब्द बनकर उतर जाती है।
हर पन्ने पर धड़कन होती है,
हर अक्षर में एक आहट होती है,
वो ख़बर नहीं- एहसास होती है,
वो चिंगारी है, जो हर शाम रोशन होती है।
और वक्त के इस सफर में,
उसकी लौ और उजली हुई है।
हर शाम अब थोड़ा और चमकती है,
क्योंकि चिंगारी अब अनुभव बन चुकी है —
एक रोशनी, जो वक्त से बड़ी है।

- पंडित अभिलाष शर्मा,
विष्णुलोक- सिविल लाइन पंजाब नेशनल बैंक
के बराबर में, बिजनौर।
मो. 9457563232



कविता

## आवरण बदला हुआ है

सूरतें इंसान की हैं।
सीरतें बदली हुई हैं।
नीयतों में खोट पूरा,
फितरतें बदली हुई हैं ।।
आवरण बदला हुआ है।
आचरण बदला हुआ है।
आज के इस आदमी का,
व्याकरण बदला हुआ है ।।
रस्मों, रिवाजों, रीतियों की,
युक्तियां बदली हुई हैं ।।
मोहरे बदले हुए हैं।
सेहरे बदले हुए हैं।
हर मुखौटे पर मुखौटे,
चेहरे बदले हुए हैं।
लुप्त कब की मर्यादा है,
मान्यता बदली हुई है ।।
साधना बदली हुई है।
भावना बदली हुई है।
वासना बहती लहू में,
कामना बदली हुई है।
दूध के हैं सब नहाए,
कालिखें बदली हुई हैं ।।
अर्थ सब बदले हुए हैं।
पर्थ सब बदले हुए हैं।
हाथ हासिल कुछ नहीं जब,
व्यर्थ सब बदले हुए हैं।
आदमी की आदमीयत,
किस कदर बदली हुई है ।।
संबंध सब बदले हुए हैं।
रिश्ते सब बदले हुए हैं।
खून...पानी हो चुका है,
नाते तक बदले हुए हैं।
ख्वारियों के रंग नहाई -
यारियां बदली हुई हैं ।।

-इंद्रदेव भारती
नजीबाबाद

सीरत = चरित्र
फितरत = प्रवृत्ति
पर्थ = राजा
रस्म = परंपरा
रिवाज = प्रथा

# क्या प्रशासन है अंधा, दिख नहीं रहा जिस्मफरोशी का धंधा

**नूरपुर ( चिंगारी )।** नगर में कई स्थानों पर जिस्म फरोशी का धन्धा चल रहा है। यहां आने वाले युवक-युवतियों से घण्टों के हिसाब से मोटी रकम वसूली जाती है। नगर के माथे पर कलंक लगाने वाले इस धंधे को किसका संरक्षण प्राप्त है, यह नहीं मालूम। सूत्रों के अनुसार शहीद तिराहे से नहटौर रोड व ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे ओयो होटल-रेस्टोरेंट में बाहर से आने वाले प्रेमी जोड़ों व अन्य युवक-युवतियों से मोटी रकम वसूलकर उन्हें शराब व खाने आदि की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। हालांकि यह कहना मुश्किल है कि यह धंधा प्रशासन की शह पर या किसी सफेदपोश नेता के संरक्षण में चल रहा है। ऐसी परिस्थितियों में इन स्थानों के आसपास रहने वाले लोगों को यह डर सता रहा है कि कही गलत संगत की छाया उनके परिवार के युवक-युवतियों पर न पड़ जाए। जिस्म फरोशी के धंधे के विरुद्ध पूर्व में आसपास के लोगों ने आवाज उठाई, मगर संचालकों की मजबूत साठगांठ के चलते आज भी बदस्तूर जारी है। यदि समय रहते प्रशासन ने इस ओर ध्यान नहीं दिया तो आने वाले समय में ऐसे स्थानों की संख्या और भी बढ़ सकती है, जिसका समाज पर बुरा असर पड़ना लाजमी है। कुछ माह पूर्व मुरादाबाद रोड स्थित एक गांव के होटल में दो युवतियों को कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर कई युवकों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया था। घटना की विवेचना में लापरवाही बरतने पर एसपी अभिषेक झा ने क़स्बा इंचार्ज उपनिरीक्षक के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए लाइन हाजिर कर दिया था। उपजिलाधिकारी के आदेश पर तहसील प्रशासन की टीम ने जुलाई माह में बिजनौर रोड स्थित शिवा होटल व रेस्टोरेंट पर छापा मारा था। जांच के दौरान होटल में अनियमितताएं मिलने पर उसे सील कर दिया था।

# हाथी पहुंचा रहे फसलों को नुकसान अपने घरों को दौड़े भयभीत किसान

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** ग्राम गौसपुर में गंगा के किनारे स्थित जंगल में हाथियों ने फसलों को नुकसान पहुंचाया है। किसान खेतों पर पहुंचे, तो वहां हाथी की लीद पड़ी हुई मिली, जिससे वे भयभीत हो गये।

क्षेत्र के ग्राम गौसपुर के जंगल में कुछ लोगों ने हाथियों का एक जोड़ा तथा उनका एक बच्चा देखने का दावा किया है। रविवार को किसान खेतों पर पहुंचे, तो उन्हें वहां हाथी की लीद पड़ी हुई मिली। हाथियों ने गन्ने एवं सब्जी की फसल को नुकसान पहुंचाया है। किसानों ने अपने खेतों में हाथी की लीद पड़ी हुई देखी तथा फसलों में नुकसान हुआ देखा, तो भय के कारण अपने घरों की ओर दौड़ पड़े। खेतों में हाथी की लीद मिलने से किसानों में भय का माहौल है। हाथियों ने मदन सिंह की सब्जी की फसल (शलजम) तथा सत्यपाल सिंह की गन्ने की फसल में नुकसान पहुंचाया है।



खेत में पड़ी लीद को पॉलीथीन में भरती महिला।

## अब शेरकोट में मिलेगी 'मिस्टर बिजनौर चाय'



**शेरकोट ( चिंगारी )।** नेशनल हाईवे पर चुंगी नंबर पांच के निकट खोले गए 'मिस्टर बिजनौरी चाय' के होटल का उद्घाटन हाजी कमाल, पूर्व चेयरमैन शेख कमरुल इस्लाम और बिजनौरी एंथम फेम गुलफाम अहमद ने किया। कार्यक्रम में अतिथियों ने टी स्टाल स्वामी के प्रयास और सुविधा की सराहना करते हुए शुरू किये गए 'मिस्टर बिजनौरी चाय' से अच्छी गुणवत्ता और स्वाद की चाय देकर दूर-दूर तक नगर का नाम पहुंचाने की आशा जताई। इस अवसर पर जावेद अंसारी, आमिर अंसारी, बरकत अब्बासी, पप्पू कुरैशी, मेराज सिद्दीकी, शाकिर अंसारी, रियाजउद्दीन अंसारी, निजामुद्दीन अंसारी आदि काफी संख्या में सामाजिक, राजनीतिक और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## शिविर में 378 लोगों की आंखों का चैकअप, 250 का ऑप्रेशन होगा

**हल्दौर ( चिंगारी )।** समाजसेवी सुशील वर्मा द्वारा निर्मल आश्रम आई इंस्टीट्यूट ऋषिकेश के सहयोग से एक नेत्र शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 378 मरीजों की आंखों का चैकअप किया गया। जिनमें से टेक्नीशियन टीम ने 250 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चिह्नित किया।

यहां वर्मा मैरिज हॉल पर लगे नि:शुल्क नेत्र शिविर में नगर व आसपास के क्षेत्रों के लोग अपनी आंखों का चैकअप कराने पहुंचे, जिनकी आंखों का निर्मल आश्रम आई इंस्टीट्यूट ऋषिकेश की चिकित्सकों की टीम द्वारा नि:शुल्क चैकअप किया गया। चिकित्सकों की टीम में शामिल डा. बब्बू, गौरव कुमार, संजय बर्थवाल, मोहित कुमार, मुकेश रामोला, रितिका, शुभम, निमिशा भट्ट आदि ने 378 मरीजों की आंखों का चैकअप कर 250 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया। चिन्हित 55 मरीजों को रविवार को ही ऑपरेशन के लिये ऋषिकेश ले जाया गया तथा 55 मरीजों को 5 नवंबर को ले जाया जाएगा। जबकि शेष 85 मरीजों को दिसंबर माह की 7 तारीख को ऑपरेशन के लिए ऋषिकेश ले जाया जाएगा। शिविर में सुशील वर्मा, महिपाल सिंह, जितेंद्र फौजी, दुष्यंत चौहान देशू, डॉ. गजराज सिंह, डा.वीरेन्द्र सिंह, तरंग वर्मा व भोले वर्मा आदि का सहयोग रहा।



## शादाब अली राणा बने सयुस के प्रदेश सचिव

**शेरकोट ( चिंगारी )।** समाजवादी पार्टी सुप्रीमो अखिलेश यादव की अनुमति और प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल की संस्तुति पर युवजन सभा के प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द गिरि ने पार्टी के प्रति निष्ठा और लगन को देखकर शेरकोट के मोहल्ला निकम्माशाह निवासी युवा नेता शादाब अली राणा को सपा युवजन सभा का प्रदेश सचिव मनोनीत किया है। पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने नियुक्त प्रदेश सचिव से पूर्ण निष्ठा व लगन के साथ पार्टी का प्रचार-प्रसार कर मजबूत बनाने की आशा जताई है। शादाब अली राणा ने पार्टी द्वारा नई जिम्मेदारी सौंपे जाने पर आभार जताते हुए कहा कि पार्टी ने पदाधिकारियों की उम्मीद पर खरा उतरने के लिए पूरे प्रयास करेंगे।



## पुलिस ने नये कानूनों की जानकारी दी



**शेरकोट ( चिंगारी )।** पुलिस ने अभियान चलाकर नगर के पीजेएम इंटर कॉलेज और ग्राम भनोटी में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों व आमजन को बीएनएस के संशोधित व नये कानून की जानकारी देते हुए जागरूक किया गया। दोनों स्थानों पर पुलिस अधिकारियों ने आईपीसी के स्थान पर बीएनएस बनाकर कानून में किये गए संशोधन एवं नये कानून के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य अपराधों पर अंकुश लगाना और पीड़ितों को न्याय दिलाना है, जिसके लिए बनाए गए नये कानून समुचित न्याय के प्रतीक हैं। इनसे पीड़ितों को लम्बे समय तक कोर्ट के चक्कर काटने से राहत मिलेगी और शीघ्र व उचित न्याय मिलेगा। वहीं अपराधियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई होने और तुरंत व सही न्याय मिलने से कानून के प्रति जनता का विश्वास भी बढ़ेगा। इस दौरान जीरो एफआईआर, ईएफआईआर, महिला एवं बाल संरक्षण के प्रावधान, प्रौद्योगिकी एवं फोरेंसिक के उपयोग से संबंधित प्रावधान, महिला अपराध, साइबर अपराध के बारे में जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य राजीव कुमार, सब इंस्पेक्टर विपिन कुमार, महेश कुमार, ललित कुमार आदि उपस्थित रहे।

## कार्यकारी अध्यक्ष चुने गये माही, पत्रकारों ने फूलमाला पहनाई

**नगीना ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय पत्रकार परिषद की बैठक में सर्वसम्मति से वरिष्ठ पत्रकार परवेज आदिल माही को संगठन का कार्यकारी अध्यक्ष चुना गया। रविवार की दोपहर गन्ना समिति मार्ग पर स्थित सुपर मार्केट में मुनीर आलम के प्रतिष्ठान पर हुई बैठक में संगठन की मजबूती पर बल दिया गया। वरिष्ठ पत्रकार परवेज आदिल के कार्यकारी अध्यक्ष चुने जाने पर साथी पत्रकारों ने फूलमाला पहनाकर उन्हें बधाई दी। अपने संबोधन में कार्यकारी अध्यक्ष बने परवेज आदिल ने कहा कि यह सम्मान व जिम्मेदारी का पद है, जिसको पूरी ईमानदारी से निभाने का वह प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि उन्हें इस बात की बेहद खुशी है कि वह एक ऐसे पत्रकार संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष बने हैं, जिसमें शामिल सभी पत्रकार ईमानदारी व निष्ठा के साथ वर्षों से पीड़ितों को न्याय दिलाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह संगठन की मजबूती व साथी पत्रकारों के मान-सम्मान की हिफाजत के लिए हमेशा सबसे आगे खड़े नजर आएंगे। इस मौके पर संरक्षक अरशद प्रिंस, मनीष कुमार, मुनीर आलम, नौशाद अंसारी, शेख नगीनवी, यासीन सोनी, खालिद नोमानी, आफताब अंसारी, चिंतन राजपूत आदि उपस्थित रहे।



राष्ट्रीय पत्रकार संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष चुने जाने पर परवेज आदि का स्वागत करते पत्रकार साथी।

# एडीएम (प्रशासन) ने गंगा स्नान मेले की तैयारियों का निरीक्षण किया

**नांगल सोती (चिंगारी)। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) विनय कुमार सिंह ने तहसील स्तरीय अधिकारियों के साथ स्थानीय गंगा स्नान मेले की तैयारियों का निरीक्षण किया और अधिकारियों, मेला समिति को व्यवस्थित मेला आयोजन, सुरक्षित गंगा स्नान के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।**



नांगल में गंगा स्नान मेले की तैयारियों को परखने पहुंचे एडीएम।

रविवार को अपराह्न साढ़े चार बजे अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) विनय कुमार सिंह नांगल के गंगा स्नान मेलास्थल पर पहुंचे। उन्होंने उपजिलाधिकारी को निर्देश दिये कि गोताखोरों को लाइफ जैकेट तथा लाइफ रिंग उपलब्ध कराई जायें। इस बात का ध्यान रखा जाये कि श्रद्धालु केवल निर्धारित घाटों पर ही स्नान करें। कोई श्रद्धालु दूर जाकर स्नान न करे। गंगा के किनारे बैरिकेडिंग जरूर कराई जाये। एसडीएम को मोबाइल टॉयलेट उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। एडीएम ने अधिकारियों तथा मेला समिति को व्यवस्थित ढंग से मेला आयोजित कराने और श्रद्धालुओं को सुरक्षित स्नान कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। मेला समिति संरक्षक / संयोजक, ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने बताया कि गंगा के किनारे, स्नान घाटों पर 10 गोताखोर मौजूद रहेंगे। पेयजल हेतु 20 नल लगाये जायेंगे। रात्रि में भरपूर प्रकाश की व्यवस्था रहेगी। मुख्य द्वार का निर्माण करा दिया गया है। टैंट वाले ने कैम्प लगाने शुरू कर दिये हैं। आज शाम गंगा पूजन एवं गंगा आरती कर विधिवत रूप से मेले का उद्घाटन किया जायेगा। उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह, नायब तहसीलदार अमित कुमार, वीरेन्द्र शर्मा, सिंधुराज चौधरी, गार्विन चौधरी, सोनू कुमार, निखिल कुमार, अनुज कुमार आदि मौजूद रहे।

## गुलदार से सुरक्षा हेतु 5 पिंजरे लगाये

*खादर क्षेत्र से गुजर रहे मेलास्थल मार्ग का प्रभागीय वनाधिकारी नजीबाबाद / बिजनौर अभिनव राज ने भी विभागीय टीम के साथ निरीक्षण किया। उन्होंने गुलदार से श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु मेला समिति के पदाधिकारियों से वार्ता की तथा अधीनस्थों को निर्जन स्थानों पर लगातार गश्त करने के निर्देश दिये। विकास खंड द्वारा 5 पिंजरे वन विभाग को उपलब्ध कराये गये हैं। वनकर्मियों ने मेलास्थल मार्ग पर निर्जन स्थान चिन्हित कर तीन पिंजरे लगा दिये हैं। शेष दो पिंजरों के लिये स्थान चिन्हित किया जा रहा है। डीएफओ अभिनव राज ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा उनकी प्राथमिकता है।*

## निःशुल्क नेत्र शिविर 20 नवम्बर को

**बिजनौर (चिंगारी)।** रघुनाथ प्रसाद, विरेंद्र कुमार अग्रवाल सर्राफ बिजनौर द्वारा प्रत्येक माह लगाए जाने वाले निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर की श्रंखला में 20 नवम्बर गुरूवार प्रात: 9 बजे से अग्रवाल भवन प्रथम तल भारतीय स्टेट बैंक नूरपुर रोड, बिजनौर में लगाया जायेगा। यह शिविर पूर्व की भांति निर्मल आश्रम आई इंस्टीट्यूट ऋषिकेश उत्तरांचल की कुशल चिकित्सकों की टीम द्वारा लगाया जायेगा। विकास अग्रवाल सर्राफ ने बताया कि जिन मरीजों को मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराना है, वह अपना आधार कार्ड साथ में अवश्य लाएं।



विकास अग्रवाल सर्राफ

## टाइगर को लेकर इमरतपुर में दहशत बरक़रार

### डीएफओ ने गांव पहुंचकर ग्रामीणों को तसल्ली दी

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** पिछले कई दिनों से थाना रेहड़ क्षेत्र के ग्राम इमरतपुर में आबादी के निकट खेतों में टाइगर दिखाई देने से लोगों में दहशत बरकरार है। कर्मचारियों की टीम के साथ पहुंचे डीएफओ बिजनौर जय सिंह कुशवाहा ने ग्रामीणों को टाइगर से निजात दिलाने के लिए हर संभव प्रयास का यकीन दिलाया। हालांकि ग्रामीण वनाधिकारियों के इस आश्वासन से संतुष्ट नजर नहीं आ रहे हैं। इमरतपुर में आबादी से सौ-डेढ़ सौ मीटर की दूरी पर ही स्थित गन्ने आदि के खेतों के आसपास कई दिनों से टाइगर देखा जा रहा है। तीन दिन पूर्व स्थानीय वनकर्मियों ने यहां पिंजरा लगाकर ड्रोन से टाइगर की लोकेशन जानने को सर्च अभियान चलाया था। वनकर्मियों के मुताबिक उसकी लोकेशन ट्रेस नहीं हो पाई थी। शनिवार को ग्रामीणों द्वारा पुन: टाइगर देखे जाने की सूचना पर वनकर्मी अपने प्रयासों में फिर कुछ तेजी लाए। रविवार को पिंजरे में बकरी बांधने दौरान टाइगर की तेज दहाड़ सुनाई देने से वनकर्मी भी सहम गए थे। ग्रामीणों के बढ़ते आक्रोश के मद्देनजर गत दिवस डीएफओ बिजनौर जय सिंह कुशवाहा एसडीओ अंशुमन मित्तल, ज्ञान सिंह व रेंजर प्रदीप शर्मा आदि के साथ इमरतपुर पहुंचे, जहां उन्होंने टाइगर देखे जाने वाले स्थान के आसपास का मुआयना किया और ग्रामीणों से जानकारी प्राप्त की। भाकियू (टिकैत) के ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह चौहान के नेतृत्व में दरी बिछाए बैठे किसानों के बीच डीएफओ ने समस्या के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। भाकियू (टिकैत) ने दो टूक चेतावनी दी कि अगर वन्यजीवों की बढ़ती समस्या का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा। उधर इस संबंध में वन क्षेत्राधिकारी नगीना प्रदीप कुमार शर्मा ने बताया कि समस्या के समाधान को हर संभव प्रयास जारी हैं। संभावित स्थानों पर दो पिंजरे लगाए गए हैं जिनमें प्रतिदिन बकरी बांधी जा रही है। उन्होंने बताया कि ट्रैप कैमरों के साथ-साथ सेंसर युक्त ब्लिंकिंग लाइटें भी लगाई गई हैं।



इमरतपुर में अधीनस्थों को दिशा निर्देश देते डीएफओ।


## घर से ज़ेवर-नक़दी लेकर युवती ग़ायब

**नहटौर (चिंगारी)।** एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शुक्रवार को उसकी पुत्री पड़ोस में सूट सिलाने की बात कहते हुए घर से गयी थी। काफी देर तक भी वापस न आने पर पता चला कि वह घर में रखे एक तोला सोने के जेवर, 150 ग्राम चांदी के जेवर तथा 60000 रूपये नगद लेकर गयी है। तलाश करने पर पता चला कि मौहल्ला जाटान बिजनौर निवासी एक युवक अपने माता-पिता की सहमति से उसे अपने साथ ले गया है। तहरीर में आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की गई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

चिंगारी
ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा

## धूमधाम से मनाई जायेगी गुरू नानकदेव की जयंती

**खासपुरा (चिंगारी)।** खासपुरा में सिख धर्म के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी की 556वीं जयंती इस वर्ष 5 नवंबर (कार्तिक पूर्णिमा) को धूमधाम से मनाई जाएगी। प्रकाश पर्व से पहले पूरे क्षेत्र में श्रद्धा और भक्ति का माहौल बना हुआ है। गुरुद्वारे के प्रधान चरणजीत सिंह, कोषाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, सेक्रेटरी महिपाल सिंह ने बताया कि श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व की श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा गुरु नानक चौक खासपुरा और संगत की ओर से प्रतिदिन प्रभातफेरी का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रभातफेरी रोजाना सुबह पांच बजे गुरुद्वारा सिंह सभा, खासपुरा से शुरू होकर गांव के प्रमुख मार्गों, गलियों से गुजरती हुई लगभग सुबह आठ बजे पुन: गुरुद्वारे में संपन्न होती है। प्रभातफेरी में बड़ी संख्या में सिख संगत श्रद्धाभाव से शामिल हो रहे हैं। गुरु की भक्ति में डूबे श्रद्धालु वाहेगुरु के जयकारे लगाते हुए और गुरु ग्रंथ साहिब के शबद-कीर्तन गाते हुए नगर की गलियों को गुंजायमान कर रहे हैं। फूलों से सजी पालकी साहिब और निशान साहिब के साथ निकली प्रभातफेरी से पूरे गांव का वातावरण भक्तिमय हो उठा है।



## रवा राजपूत समाज के मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया

**नांगल सोती (चिंगारी)।** आर्यावर्त रवा राजपूत एकता सेवा समिति (रजि.) बिजनौर के तत्वावधान में ग्राम बरकातपुर में राजपूत समाज के मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। रविवार को रवा राजपूत धर्मशाला बरकातपुर में रवा राजपूत समाज के ग्राम पूंडरी खुर्द, बरकातपुर, पूंडरी कलां, बाकरपुर, सबलपुर बींतरा एवं नांगल के उन 22 विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, जिन्होंने विभिन्न बोर्ड की परीक्षाओं में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक हासिल किये थे। समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा रवा राजपूत सभा के जिलाध्यक्ष शिवकुमार राजपूत ने कहा कि उच्च शिक्षित विद्यार्थी ही एक अच्छे समाज और मजबूत राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं। आर्यावर्त रवा राजपूत एकता सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकुमार राजपूत एवं जिलाध्यक्ष तिलकराम सिंह के अध्यक्ष मंडल की अध्यक्षता तथा शेखर राजपूत के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में समिति के कोषाध्यक्ष कलीराम सिंह, संगठन सचिव धर्मवीर सिंह, प्रचार सचिव रोहित कुमार, विकास राजपूत उर्फ बिट्टू, ठाकुर विवेक कुमार उपस्थित रहे। डा. घनश्याम सिंह, सुशील कुमार, रामकुमार सिंह 'सर्वेश', दीपक राजपूत, पत्रकार गौरव राजपूत आदि का कार्यक्रम के आयोजन में सहयोग रहा।



रवा राजपूत समाज के पुरस्कृत मेधावी तथा अतिथिगण।

# ऑपरेशन सिंदूर में शामिल जवान अशोक कुमार का स्वागत किया

नजीबाबाद (चिंगारी)। ऑपरेशन सिंदूर की विजयश्री के बाद पहली बार गृहनगर नजीबाबाद पहुंचे वीर जवान जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा क्षेत्र में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान की गोलीबारी का डटकर सामना कर देश का नाम रोशन करने वाले बीएसएफ के उप निरीक्षक अशोक कुमार का अपने अवकाश के दौरान पैतृक ग्राम धनौरा नजीबाबाद पहुंचने पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन की ओर से भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के प्रदेश संगठन मंत्री डॉ. राजीव अरोड़ा, जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ, अर्चित अग्रवाल, रईस कुरैशी, पंकज वर्मा, दानिश अंसारी, धीरज झा, मोहम्मद आसिफ, मोनू टाटा, मोहम्मद असलम, दानिश सैफी, नदीम फारुकी आदि पदाधिकारियों एवं नगर के गणमान्य नागरिकों ने फूल मालाएं पहनाकर वीर जवान का अभिनंदन किया। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि अशोक कुमार जैसे वीर सपूतों की बदौलत देश की सीमाएं सुरक्षित हैं। उनका साहस व देशभक्ति हम सबके लिए प्रेरणास्त्रोत है। इस अवसर पर व्यापार संगठन नजीबाबाद ने उप निरीक्षक अशोक कुमार को सम्मान पत्र भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।



वीर जवान अशोक कुमार का स्वागत करते व्यापारी।

# प्रतियोगी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया



मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। महर्षि दयानंद इण्टर कॉलेज मुस्सेपुर के छात्र-छात्राओं ने अक्टूबर माह में आयोजित अनेकों क्रियाकलापों में भाग लिया तथा 31 अक्टूबर को सरदार बल्लभ भाई पटेल के 150 वीं जयंती पर अनेकों प्रतियोगिताओं का आयोजन किया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। जिन्हें पुष्प माला पहनाकर व पुरस्कार देकर हौंसला बढ़ाया। इस मौके पर अध्यापकों ने भी बच्चों का भरपूर मार्गदर्शन किया। प्रबंधिका कमलेश आर्या ने बच्चों को पटेल जी के व्यक्तित्व से परिचित कराया व अपने जीवन में उतारने का संदेश दिया। प्रधानाचार्या गर्जना आर्या ने पटेल जी एवं अनेकों वीरों की गाथा व राष्ट्र हित में उनके कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राष्ट्र धर्म ही मनुष्य का सबसे बड़ा धर्म है। इस अवसर पर अध्यापक मुकुल, शहनाज, फराना, गगन आदि छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# पूर्व ग्राम प्रधान खादिम हुसैन बने शाखा अध्यक्ष

नजीबाबाद (चिंगारी)। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन का एक विशाल कार्यक्रम निकटवर्ती ग्राम मुअज्जमपुर तुलसी गढ़ी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम आयोजक फहीम घोसी, पूर्व प्रधान खादिम हुसैन, फिरोज उर्फ गुड्डू रहे। कार्यक्रम में सर्वसम्मति से पूर्व ग्राम प्रधान खादिम हुसैन को शाखा अध्यक्ष बनाया गया। इस मौके पर काफी संख्या में स्थानीय व्यापारियों ने उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम का संचालन नगर अध्यक्ष शाहिद सिद्दीकी ने किया। मुख्य अतिथि संगठन के जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ ने कहा कि किसी भी छोटे बड़े व्यापारी का किसी भी तरह का उत्पीड़न हरगिज बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभा में बड़िया निवासी सहगल को वहां के अध्यक्ष पद की कमान सौंपी गई। कार्यक्रम में डॉ. राजीव अरोड़ा, रचित अग्रवाल, राजेश तागरा, फैसल, मोहम्मद रिजवान, हर्षित सर्राफ, पंकज वर्मा, मोहम्मद असलम, आसिफ, मुकीम कुरैशी, रईस कुरैशी, आतिफ अमीन, धीरज झा, मोनू टाटा, दानिश, पूर्व प्रधान इरफान अहमद, बाबर आदि मौजूद रहे।



# शादाब ज़फ़र शादाब 'अजमल खां अजमल अवार्ड' से सम्मानित

## डॉ. रईस भारती के मजमुए कलाम नुकुश ए अव्वल का विमोचन

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर की अदबी संस्था बज्म ए जिगर नजीबाबाद के द्वारा मशहूर उस्ताद शायर मौसूफ अहमद वासिफ के आवास मौहल्ला रम्पुरा में एक शाम मौहब्बतों के नाम महफिल ए मुशायरा व जश्न ए शादाब का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व चेयरमैन मौहम्मद मौअज्जम खां एडवोकेट व विशिष्ट अतिथि डॉ. आफताब नोमानी ने शादाब जफर शादाब को अजमल खां अजमल अवार्ड देकर, शॉल ओढाकर तथा डॉ. रईस भारती व एमडी खान ने पगड़ी बांधकर सम्मानित किया। प्रोग्राम में मशहूर उस्ताद शायर डॉ. रईस अहमद भारती के मजमुए कलाम नुकुश ए अव्वल का मौअज्जम खां एडवोकेट ने विमोचन भी किया। इस मौके पर प्रोग्राम के मेहमान ए खुसुसी पूर्व चेयरमैन मौहम्मद मौअज्जम खां एडवोकेट ने शायर शादाब जफर को मुबारकबाद देते हुए कहा कि शादाब जफर शादाब लम्बे अरसे से उर्दू अदब की खिदमत करने के साथ ही मुल्क के ऑल इंडिया मुशायरों में शिरकत कर अपने बेहतरीन कलाम से नजीबाबाद का नाम रोशन कर रहे हैं। इस मौके पर मुशायरे का आगाज डॉ. इलियास ने हुजूर की शान में नात ए नबी पेश कर किया। गजल के दौर में हाफिज शादाब मुल्तानी, शहबाज अख्तर, मुजाहिद अली, डॉ. इलियास, आसिफ मिर्जा, आरिफ आरजू, डॉ. तैयब जमाल, डॉ. आफताब नोमानी, शादाब जफर, डॉ. नसीम अख्तर मुल्तानी, सूफियान मुल्तानी, शुएब मुजफ्फरनगरी, शकील अहमद वफा, अकीमुद्दीन अकीम मंडावरी, डॉ. रईस भारती ने उम्दा कलाम पेश किया। इस मौके पर व्यापारी नेता तसनीम सिद्दीकी, शहबाज खान, जुबैर खान, फैसल खान, नसीम अहमद खान, अजीज अहमद, वसीम कुरैशी मंडावली, मोनिस खान, सय्यद दानिश अली आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता डॉ. रईस अहमद भारती एवं संचालन डॉ. तैयब जमाल ने किया । प्रोग्राम में मेजबान शायर मौसूफ अहमद वासिफ की सेहतमंदी के लिए सभी ने अल्लाह से दुआ की।



# सरकार ने गन्ने का मूल्य 30 रूपए बढ़ाया, किसानों ने ऊंट के मुंह में जीरा बताया

## गन्ने के दाम बढ़ने से कोई खुश, कोई नाखुश



मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। सहकारी समिति सिकरौड़ा के चेयरमैन शेषपाल राठी का कहना है कि सरकार ने किसानों के साथ गन्ने का दाम 30 रुपए बढ़ाकर छल किया है। डीएपी यूरिया पर महंगाई बढ़ रही है, किसान डीएपी यूरिया लेने के लिए लाइन में खड़ा है, किसानों को फसलों के उचित दाम नहीं मिल रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट के गन्ने का भुगतान 14 दिन में किये जाने के आदेश के बावजूद बजाज की शुगर मिलों पर अभी तक किसानों का करोड़ों रूपए गन्ने का बकाया है। गन्ने का रेट कम से कम 450 तो होना था जिससे किसान की आय में वृद्धि होती, 30 रुपए बढ़ाना ऊंट के मुंह में जीरा है।

मुस्सेपुर निवासी गौतम सिंह का कहना है कि योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश के गन्ना किसानों को बड़ा उपहार दिया है। सरकार ने गन्ने के मूल्य में 30 रुपये प्रति क्विंटल तक की बढ़ोतरी की है, इस फैसले से राज्य के गन्ना किसानों को लगभग 3 हजार करोड़ का अतिरिक्त लाभ मिलेगा। योगी सरकार का यह निर्णय किसानों के लिए एक बड़ा हितकारी है, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी। किसान की आय का सीधा प्रभाव बाजार पर भी होता है, इसलिए गन्ना मूल्य वृद्धि से केवल किसानों को ही नहीं व्यापारियों को भी लाभ पहुंचेगा।

मिर्जापुर सैद उर्फ भुड्डी निवासी राघव प्रताप सिंह एडवोकेट का कहना है कि सरकार ने गन्ने का मूल्य मात्र 30 रुपए बढ़ाकर किसानों के साथ छल किया है। इस समय किसानों को बीज, खाद व फसलों में प्रयोग होने वाली दवाई महंगे दामों पर मिल रही है। मजदूरी भी महंगी हो गई है। किसान गन्ने का रेट बढ़ने की मांग काफी दिनों से कर रहे थे। गन्ने के भाव में 30 रुपए की बढ़ोतरी से किसान खुश नहीं है। राज्य सरकार को गन्ने का भाव कम से कम 450 रुपए करना चाहिए था।

भाकियू संग्राम अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष फुरकान ठेकेदार का कहना है कि सरकार ने गन्ने के भाव में बढ़ोतरी कर सराहनीय कार्य किया है। बढ़े हुए दाम से किसानों की आय में वृद्धि होगी, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। सरकार ने गन्ने के भाव में 30 रुपए की वृद्धि कर किसानों के हित में बड़ा ही हितकारी निर्णय लिया है।

# उत्तराखण्ड राज्य की स्थापना की रजत जयंती मनाई

## राज्यसभा सांसद ने भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनाई

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने कहा कि राज्य आंदोलनकारियों के संघर्ष एवं बलिदान से ही उत्तराखण्ड राज्य हमें प्राप्त हुआ है तथा यह हर्ष का विषय है कि उत्तराखण्ड राज्य 09 नवंबर को अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण कर रहा है।

रविवार को कोटद्वार पहुंचे राज्य सभा सांसद नरेश बंसल ने स्थानीय होटल के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में उत्तराखण्ड राज्य के लिए अपनी शहादत देने वाले आंदोलनकारियों को नमन करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश निरन्तर विकास के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि जिस समय उत्तराखण्ड राज्य का गठन हुआ था उस समय सीमित संसाधनों से राज्य में कार्य शुरू किये गये थे। वर्तमान में प्रदेश अग्रणी राज्यों में शामिल है। कहा कि राज्य के गठन के बाद प्रदेश ने शिक्षा, सड़क, स्वास्थ्य व रोजगार के क्षेत्र में उच्च मुकाम हासिल किया है। प्रदेश में स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए 08 मेडिकल कॉलेज खोले गये हैं। सभी सड़कों को ऑलवेदर रोड से जोड़ा गया है तथा ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाईन परियोजना पर भी कार्य गतिमान है, जिससे प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व में विगत चार वर्षों में 25 हजार से अधिक बेरोजगार युवाओं को नौकरियां उपलब्ध करायी गयी हैं। हिमालयी राज्यों के वित्तीय प्रबन्धन में राज्य ने दूसरा स्थान प्राप्त किया है। अपराध तथा भ्रष्टाचार के विरुद्ध सरकार जीरों टोलरेन्स की नीति पर काम कर रही है। उत्तराखण्ड राज्य देश का पहला राज्य है जिसने यूसीसी, नकल विरोधी एवं भू-कानून को लागू किया है। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष राज गौरव नौटियाल, लैंसडौन विधायक दिलीप रावत, मेयर शैलेंद्र रावत, उमेश त्रिपाठी, विकादीप मित्तल, हरि पुंडीर, सुरेंद्र आर्य, विकासदीप मित्तल और मोहित कंडवाल मौजूद रहे।

# अंतिम प्रभात फेरी निकाली



चेतराम सिंह कारीगर को सम्मानित करते हुए संस्था के पदाधिकारी।

**धामपुर ( चिंगारी )।** श्री सनातन धर्म सभा शिव मंदिर पंजाबी कॉलोनी से कार्तिक मास के अंतर्गत रविवार को चौथी एवं अंतिम प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी का पहला स्वागत राजेंद्र कुमार दुआ, प्रियंका रानी दुआ, यश कुमार दुआ और सीमा दुआ के परिवार द्वारा किया गया जबकि दूसरा स्वागत न्यू हिंदू कॉलोनी में राजेश कुमार बजाज के परिवार की ओर से हुआ। इसके अतिरिक्त तीसरा स्वागत रोडवेज बस स्टैंड के निकट चेतराम सिंह सैनी कारीगर के परिवार ने और चौथा स्वागत पंजाबी कॉलोनी के श्री गुरु नानक मार्ग पर जगदीश लाल अरोड़ा, रीतिका रानी अरोड़ा, निखिल कुमार अरोड़ा, नानू अरोड़ा आदि ने परिजनों के साथ किया। स्वागत कार्यक्रमों में प्रमुख रूप से समाजसेवी लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, सुरेश कुमार छाबड़ा, हरिश्चंद्र सैनी कैटर्स, बलराम सिंह सैनी कारीगर, रवि कुमार सैनी हलवाई, महेंद्र कुमार सैनी, महेंद्र सिंह चौहान, मेघराज सिंह चौहान, जितेंद्र मोहन कपूर, आचार्य पंडित अश्वनी कुमार शर्मा, नितिन कुमार छाबड़ा, विनय दुआ, मोती लाल शर्मा, सरदार तरजीत सिंह मोगा, वेद प्रकाश जुनेजा टोनी आदि अनेक श्रद्धालुओं सहित महिला मंडल से संबंधित प्रभु दरबार से जुड़ी अनेक महिलाएं शामिल रहीं।

# गुरुद्वारा में पांच दिवसीय गुरमत समागम का शुभारंभ



सरदार पभकरण सिंह को सम्मानित करते हुए गुरुद्वारे के पदाधिकारी।

**धामपुर ( चिंगारी )।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में पांच दिवसीय गुरमत समागम प्रारंभ हो गया है, जो 5 नवंबर तक चलेगा। गुरमत समागम के पहले दिन स्योहारा से पधारी माता साहिब कौर जी कीर्तनी जत्था की जत्थेदार बीबी सुरेंद्र कौर खालसा ने अपने जत्थे में शामिल बीबी सुप्रीत कौर खालसा एवं बीबी जसप्रीत कौर खालसा के सहयोग से गुरु वाणी के अमोलक कीर्तन की प्रस्तुतियों से कार्यक्रम स्थल को गुरुवाणीमय बना दिया। गुरुद्वारा के दीवान हाल मे आयोजित कार्यक्रम में गुरुघर के सेवक सरदार जसप्रीत सिंह एडवोकेट एवं उनकी धर्मपत्नी बीबी शैलप्रीत कौर सरदार शुभ करन सिंह, सरदार प्रभकरन सिंह, सरदार लवजीत सिंह, प्रियंका सिंह अबीर सिंह आदि ने सहभागिता की। कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व ब्लाक प्रमुख चौधरी अतुल कुमार सिंह राजा एवं उनकी धर्मपत्नी ममता सिंह तथा सौरभ कुमार एवं रुचि रानी को सम्मान प्रदान किया गया, जबकि सरदार प्रभकरन सिंह को उनकी 14 वीं वर्षगांठ होने तथा उनके द्वारा गुरु घर के कार्यों में प्रदर्शित की जाने वाली निष्ठा को दृष्टिगत रखते हुए प्रबंध समिति की ओर से सरदार शरणागत सिंह खालसा, गुरुद्वारे के अध्यक्ष सरदार अमरजीत सिंह एडवोकेट, उपाध्यक्ष सरदार सुरेंद्र सिंह हुड्डा, सचिव सरदार गुरु चरण सिंह चावला, सरदार तरजीत सिंह मोगा आदि ने सम्मानित किया।

इस मौके पर नवम गुरु तेग बहादुर जी महाराज, भाई सती दास जी, भाई मती दास जी और भाई दयाला जी का 350 वां शहीदी दिवस भी श्रद्धापूर्वक आयोजित किया गया। धर्म प्रचार कमेटी अमृतसर से पधारे प्रचारक ज्ञानी गुरशरण सिंह कलसीयां जी ने गुरुवाणी विचारों द्वारा गुरु तेग बहादुर जी के जीवन दर्शन पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा गुरमुख परिवारों से गुरुओं के उपदेशों और गुरु वाणी के संदेशों को जीवन में स्थान दिलाने का आह्वान किया।

# नगर पालिका दुगड्डा के पूर्व अध्यक्ष स्व. दीपक बडोला की 59वीं जयंती मनाई

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** दुगड्डा नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष स्व. दीपक मोहन बडोला की 59वीं जयंती के अवसर पर दुगड्डा स्थित उनके निवास पर शनिवार देर शाम को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान नगर वासियों ने उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर नगर वासियों ने दुगड्डा नगर पालिका के लिए उनके द्वारा किए कार्यों को याद करते हुए कहा कि उनका 15 वर्ष का कार्यकाल दुगड्डा क्षेत्र के लिए सराहनीय रहा। उन्होंने दुगड्डा शहर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिए भी काम किया। कहा कि जब उन्होंने दुगड्डा नगर पालिका अध्यक्ष का कार्य भार संभाला था, तब पालिका की स्थिति दयनीय थी। कर्मचारियों को वेतन कई महीने तक नहीं मिल पाता था। आज उनके प्रयासों के फलस्वरूप ही पालिका कर्मचारियों को समय पर वेतन मिल रहा है। पुष्पांजलि अर्पित करने वालों में नगर पालिका अध्यक्ष शांति बिष्ट, राहुल जैन, संजीव कोटनाला, राम अवतार गर्ग, धर्मेंद्र गोयल और विपिन गर्ग सहित उनके पारिवारिक सदस्य मौजूद रहे।

# संस्कृत के प्रचार-प्रसार हेतु राज्य स्तर तक आयोजित की जायेंगी प्रतियोगिताएं

### 14-15 को होंगी खण्ड स्तर पर

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** संस्कृत अकादमी हरिद्वार द्वारा संस्कृत के प्रचार- प्रसार हेतु खण्ड स्तर से राज्य स्तर तक आयोजित की जाने वाली संस्कृत छात्र प्रतियोगिता के प्रथम चरण खण्ड स्तर की प्रतियोगिता के सम्बन्ध में खण्ड संयोजिका दुगड्डा बीना गौड़ के निज निवास पर रविवार को शिक्षकों की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में पौड़ी के वर्तमान जिला प्रतियोगिता संयोजक रोशन गौड़ ने बताया कि खण्ड स्तरीय प्रतियोगिताएं खण्ड शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में होंगी जो प्रत्येक खण्ड में 14 एवं 15 नवंबर को प्रत्येक खण्ड में सम्पन्न करायी जायेंगी। दुगड्डा ब्लाक की प्रतियोगिताएं मेहरबान सिंह कण्डारी विद्या मंदिर में आयोजित होंगी। खण्ड संयोजिका बीना गौड़ ने कहा कि खण्ड स्तरीय प्रतियोगिताएं कक्षा 6 से 10 तक कनिष्ठ वर्ग और कक्षा 11 से स्नातकोत्तर तक वरिष्ठ वर्ग में आयोजित की जायेंगी, जिसमें संस्कृत समूह गान, संस्कृत समूह नृत्य, संस्कृत नाटक, संस्कृत आशु भाषण, संस्कृत श्लोक उच्चारण और संस्कृत वाद- विवाद प्रतियोगिता शामिल है। मौके पर सभी सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों के छात्र- छात्राओं से इन प्रतियोगिताओं में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करने का आह्वान किया गया। बैठक में भूतपूर्व प्रधानाचार्य डॉ. रमाकांत कुकरेती और सेनि. शिक्षिका डॉ. मंजू कपरवाण सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

# बैकुण्ठ चतुर्दशी मेले में पहुंचीं डीएम स्वाति भदौरिया



**कोटद्वार ( चिंगारी )।** जनपद के प्रसिद्ध सिद्धपीठ देवलेश्वर महादेव मंदिर बलोड़ी में बैकुंठ चतुर्दशी मेले के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने बतौर मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। उन्होंने देवलेश्वर महादेव के दर्शन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। जिलाधिकारी को अपने बीच पाकर लोगों ने उत्साह और हर्ष व्यक्त किया। लोगों ने पारंपरिक वेशभूषा में उनका गरमजोशी से स्वागत किया तथा मंदिर समिति की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। स्थानीय जनसमुदाय को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि देवलेश्वर महादेव मंदिर इस घाटी के 34 से अधिक गांवों की आस्था का केंद्र होने के साथ-साथ ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व भी रखता है। उन्होंने कहा कि यह मंदिर न केवल धार्मिक स्थल है, बल्कि लोकपरंपरा, लोककला और सामाजिक एकता का प्रतीक भी है। इस अवसर पर तहसीलदार दिवान सिंह राणा, ग्राम प्रधान बलोड़ी पूजा देवी, मंदिर समिति के अध्यक्ष केसर सिंह कठैत, समिति के सचिव जगत किशोर बड़थ्वाल, संचालक नागेंद्र जुगराण सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com

# यूपीएससी की तैयारी कर रही युवती ने गंगा में छलांग लगाई

बिजनौर (चिंगारी)। आज सुबह अपनी चचेरी बहन के साथ घूमने निकली एक युवती ने मध्य गंगा बैराज से गंगा में छलांग लगा दी। घटना के बाद से ही गंगा में सर्च अभियान चलाया जा रहा है, लेकिन समाचार लिखे जाने तक युवती का पता नहीं चला।



चांदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम खानपुर माजरा निवासी संग्रह अमीन वेद प्रकाश की पुत्री कुमारी ललिता रानी (26 वर्ष) ज्ञान विहार, बिजनौर में परिजनों के साथ रह रही थी। ललिता ने आईआईटी कानपुर से बी.टेक किया है। फिलहाल वह यूपीएससी की तैयारी कर रही थी। सूत्रों के अनुसार ललिता रोज सुबह अपनी 12 वर्षीय चचेरी बहन के साथ रेलवे स्टेशन पर मॉर्निंग वॉक के लिये जाती थी। आज सुबह भी वह घर से मॉर्निंग वॉक के लिये निकली थी। लेकिन वह अपनी चचेरी बहन के साथ बस में बैठकर बैराज पहुंची।

## गोताखोरों की टीम कर रही तलाश

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों ने कुछ देर बैराज पुल पर चहलकदमी की। बाद में अचानक ललिता ने बैराज के गेट नंबर 25 से गंगा में छलांग लगा दी। घटना सुबह क़रीब सवा 6 बजे की है। ललिता की चचेरी बहन के शोर मचाने पर भीड़ इकट्ठा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन और गोताखोरों की टीम मौके पर पहुँची और नाव के जरिए सर्च अभियान शुरू किया। खबर लिखे जाने तक युवती का पता नहीं चल सका था। ललिता रानी यूपीएससी की तैयारी कर रही थी। अपेक्षित सफलता न मिलने के कारण वह डिप्रेशन में थी, जिसके चलते उसने आत्मघाती कदम उठाया। पुलिस, एसडीआरएफ और गोताखोरों की टीम युवती को तलाश में जुटी है।







## सुसाइड प्वाइंट बना गंगा बैराज

### हर महीने हो रही कोई न कोई घटना

बिजनौर ( चिंगारी )। मध्य गंगा बैराज सुसाइड प्वाइंट के रूप में पहचान बना रहा है। यहां हर महीने कोई न कोई घटना हो रही है। जिसके चलते प्रशासन से आवश्यक कदम उठाने की मांग की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुल पर ऊंची रेलिंग लगाई जाये, ताकि ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। यहां से गंगा में कूदकर कई लोग अपेन जान दे चुके हैं। कुछ समय पहले एक फौजी की पत्नी ने गंगा में कूदकर आत्महत्या कर ली थी। बाद में उसकी गेट से फौजी अपनी बेटी को लेकर गंगा में कूद गया था। इससे पहले भी यहां ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं।

